


आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर, रविवार 19 नवंबर 2023 ■ कार्तिक शुक्ल पक्ष-6 ■ वर्ष- 39 ■ अंक-230 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 20 नवंबर 2023 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### प्रधानमंत्री की सुरक्षा में तैनात 5 पुलिसकर्मियों की सड़क हादसे में मौत

**चूरू 19 नवंबर।** एक दर्दनाक सड़क हादसे में 5 पुलिसकर्मियों की मौत हो गयी। घटना सुजानगढ़ के पास कानोता चौकी के पास की है। पुलिसकर्मियों की एक कार खड़े ट्रक से टकरा गई। हादसा इतना भीषण था कि कार में बैठे स्ढ्ढ समेत 5 पुलिस अधिकारियों की मौके पर ही मौत हो गई। एएसआई और तीन पुलिसकर्मी खींवसर थाने से थे और एक कांस्टेबल जायल थाने में तैनात था। सुजानगढ़ सीओ शकील खान ने हादसे की जानकारी दी है।

### दो ट्रकों से भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद

**बलरामपुर,19 नवंबर।** जिले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है. वाहन चेकिंग के दौरान दो ट्रक से बड़ी मात्रा में पुलिस ने विस्फोटक सामग्री जब्त किया है. जब्त विस्फोटक सामग्री और दो ट्रक की कीमत लगभग 83 लाख बताई जा रही है. यह मामला बलंगी थाना क्षेत्र का है. जानकारी के अनुसार, वाहन चेकिंग के दौरान बलंगी पुलिस ने दो ट्रक से ऑप्टिमेक्स प्रिल्ड अमोनियम नाइट्रेट 63 टन विस्फोटक सामग्री जब्त किया है. साथ ही परिवहन कार्य में लगे दो ट्रक को भी जब्त किया. बताया जा रहा है यह कार्रवाई परिवहन शर्तों के उल्लंघन करने पर की गई है. जब्त विस्फोटक और ट्रक सहित सामग्री की कीमत 83 लाख बताई जा रही है. पुलिस ने विस्फोटक सामग्री परिवहन करने के वाले दो आरोपियों को भी गिरफ्तार किया है.

### दंतैल हाथी ने जमकर मचाया उत्पात

**बालोद,19 नवंबर।** जिले के गुरुर वन परिक्षेत्र में दंतैल हाथी जमकर उत्पात मचा रहा है. बीती रात कई गांवों के अंदर दंतैल हाथी घुस गया और फसलों को नुकसान पहुंचाया. जिससे ग्रामीणों को दहशत में रात गुजारनी पड़ी. इस बीच वन विभाग की टीम ने ग्रामीणों से घरों में रहने की अपील की है. दंतैल हाथी को लेकर वन विभाग ने ग्राम जगतरा, सोहतरा, बिच्छीबाहरा, खैरडीगी, धनापुरी, ओड़ेनाडीह, डोकला आदि गांवों को अलर्ट किया है और जंगल नहीं जाने की अपील की है. वर्तमान में हाथी जंगली भेजा गांव के जंगल में उपस्थित है.

### दो बाइक सवार आपस में भिड़े, एक की मौत

**अकलतरा, 19नवंबर।** अकलतरा से से सड़क दुर्घटना की खबर सामने आ रही है. यहां महाराणा प्रताप चौक के पास दो बाइक की आपस में टक्कर होने से एक की मौत हो गई है. वहीं दूसरे बाइक सवार को गंभीर चोट आई है जिसे इलाज के लिए सिम्स बिलासपुर भेज दिया गया है। पुलिस के अनुसार नगर के वार्ड नंबर 14 निवासी युवक संतोष केंवट साथी युवक परमेश्वर केंवट के साथ घर का सिलेंडर लेने के लिए एजेंसी गया था। सिलेंडर लेकर शाम 6 बजे लौटते समय नगर के महाराणा प्रताप चौक के पास अकलतरा से सामान खरीदकर बाइक से मिनीमाता चौक की ओर जा रहे बाइक चालक युवकों की बाइक में टक्कर हो गई। घटना में शुभम राय व बाइक सवार उसके साथी दुर्गेश मरावी के सिर और छाती में गंभीर चोट आई जबकि इस हादसे में दुर्गेश मरावी की मौत हो गई। दूसरी बाइक पर सवार संतोष केंवट व उसके साथी युवक परमेश्वर केंवट को सामान्य चोट आने पर प्राथमिक इलाज के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है।



## टीम इंडिया की जीत के लिए जगह-जगह हवन

■ तरुण छत्तीसगढ़

**रायपुर,19 नवंबर।** आईसीसी क्रिकेट विश्व कप 2023 का फाइनल मैच आज भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जा रहा है। पूरे देश की नजर आज के मैच पर है. भारत में इस मैच को लेकर अलग ही क्रेज है. मैच देखने के लिए जगह-जगह स्क्रीन और परदे लगाए जा गये हैं। तो वहीं भारत की जीत के लिए यज्ञ किया जा रहा है. साथ ही रायपुर के एक रंगोली आर्टिस्ट ने विराट कोहली की रंगोली बनाई है. रायपुर के बिरगांव के विशाल कालोनी में मंत्रोत्चार के साथ हवन पूजन किया जा रहा है. वहीं राजीम के त्रिवेणी संगम स्थित बाबा कुलेश्वरनाथ की लोग पूजा अर्चना कर रहे हैं. शंख, डमरू और मृदंग बजाकर विश्व कप में भारत की जीत के लिये पूजा कर रहे हैं. रायपुर के पुरानी बस्ती निवासी रंगोली आर्टिस्ट सिद्धार्थ सोनी ने विराट कोहली की रंगोली बनाई है.

## एक ही रात में 20 दुकानों के टूटे ताले

### चोरों ने की लाखों की चोरी, घटना से मचा हड़कंप

**महासमुंद,19 नवंबर।** जिले में चोरों के हौसले बुलंद है. चुनावी ड्यूटी में व्यस्त पुलिस का फायदा उठाकर अज्ञात चोरों ने बसना और सांकरा में बीती रात लगभग 20 दुकानों में सेंधमारी की है. एक साथ टूटे दुकानों के ताले और शटर से इलाके में हड़कंप मच गया है. अज्ञात चोरों लाखों रुपये नगदी और सामान साफ किया है. वहीं चोरी की वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है. घटना की सूचना पर पुलिस जांच में जुट गई. जानकारी के अनुसार, महासमुंद के बसना शहर में 16 से 17 दुकानों में एक साथ चोरों ने सेंधमारी की है. अज्ञात चोर बीती रात किसी दुकानों के ताला तोड़ा तो किसी के सटर तोड़कर चोरी की. बसना शहर के जनपद पंचायत से लेकर बिजली आफीस तक के दुकानों में चोरों ने हाथ साफ किया है. वहीं दुकानों में लगे सीसीटीवी कैमरे में चोरी की वारदात कैद हुई है. घटना में लाखों रूपये नगदी और ,सामानों की चोरी होने की आशंका जताई जा रही है. चार से पांच युवकों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है. जहां चोरों से हाथ साफ किया है. उसमें होटल, फैसी स्टोर्स, किराना, हार्डवेयर जैसे दुकान शामिल हैं. बसना पुलिस अल सुबह मौके पर पहुंच कर रही है. साथ ही सीसीटीवी के जरिये आरोपियों की पहचान की जा रही है. वहीं सांकरा में भी अज्ञात चोरों ने 3 दुकानों का ताला तोड़ा है. जिसमें फल, किराना दुकान और टपरी पर हाथ साफ करने की कोशिश की है. इस तरह से जिले में लगभग 20 दुकानों पर चोरों ने धावा बोला है.





## उत्तरकाशी में पहाड़ के ऊपर से हो रही ड्रिलिंग

**नैनीताल,19 नवंबर।** उत्तराखंड के उत्तरकाशी स्थित सुरंग के अंदर फंसे 41 श्रमिकों को बचाने के लिए आठवें दिन सुरंग के ऊपर एक महा मिशन शुरू हुआ है. 4.5 किलोमीटर लंबी सिल्क्यारा से डांडागांव सुरंग में बचावकर्मी संकटग्रस्त लोगों को अधिक टिकाऊ भोजन की आपूर्ति लगातार कर रहे हैं. शनिवार शाम से मल्टी डाइमेंशनल अप्रोच के जरिए यहां बड़ी संख्या में वर्कफोर्स को तैनात किया गया है. सीमा सड़क संगठन की ओर से सैंकड़ों की संख्या में मजदूर पहाड़ पर भेजे जा रहे हैं. बड़ी-बड़ी मशीन पहले से ही पहाड़ को काट कर रास्ता तैयार कर रही हैं जहां से वर्टिकल ड्रिलिंग करके सुरंग में उतरने की कोशिश की जाएगी. सुरंग के मुहाने पर सेफ्टी ब्लॉक लगाकर काम कर रहे मजदूरों के लिए इमरजेंसी एस्केप रूट भी बनाया जा रहा है. बीती रात बड़ी संख्या में सीमा सड़क संगठन और दूसरी एजेंसियों की ओर से लॉजिस्टिक सपोर्ट पहुंचाया जा रहा है. प्रधानमंत्री कार्यालय के विशेष अधिकारी के साथ साथ उत्तराखंड सरकार में ओएसडी भास्कर खुल्बे ने उत्तरकाशी में डेरा डाला है जो लगातार हालात पर नजर बनाए हुए हैं. यहां आरओ की टीम हर लाजिस्टिक्स पहुंचा रही है. वहीं सरकार ने श्रमिकों को बचाने के लिए विभिन्न विकल्पों पर चर्चा करने के वास्ते शनिवार को एक उच्चस्तरीय बैठक की, जिसमें विभिन्न एजेंसी को विशिष्ट जिम्मेदारियां सौंपी गई. बैठक में तकनीकी सलाह के आधार पर पांच बचाव विकल्पों पर विचार किया गया. इस संबंध में एक अधिकारी ने कहा, 'एनएचआईडीसीएल (राष्ट्रीय राजमार्ग और अवसंरचना विकास निगम लिमिटेड), ओएनजीसी (तेल एवं प्राकृतिक गैस निगम), एसजेवीएनएल (सतलुज जल विद्युत निगम लिमिटेड), टीएचडीसी और आरवीएनएल को एक-एक जिम्मेदारी दी गई है.बीआरओ और भारतीय सेना की निर्माण शाखा भी बचाव अभियान में सहायता कर रही है. सूत्रों ने बताया कि एनएचआईडीसीएल के प्रबंध निदेशक महमूद अहमद को सभी केंद्रीय एजेंसी के साथ समन्वय का प्रभारी बनाया गया है और उन्हें सिलक्यारा में तैनात किया गया है.

मलबे के बीच एक पाइप बिछाने का निर्णय लिया गया क्योंकि विशेषज्ञों की सलाह के अनुसार यह श्रमिकों को बचाने का सबसे अच्छा और सबसे तेज संभव समाधान था. सूत्रों ने कहा कि यूके जल निगम के पास उपलब्ध ऑगर (ड्रिलिंग) मशीन की मदद से पाइप बिछाने के शुरुआती प्रयास के बाद अमेरिका निर्मित एक बड़ी ऑगर मशीन लाने का निर्णय लिया गया, जिसे भारतीय वायुसेना ने दिल्ली से हवाई मार्ग से पहुंचाया. सूत्रों ने कहा कि लोगों का जीवन खतरे में होने के मद्देनजर सभी संभावित मोर्चों पर एक साथ आगे बढ़ने का निर्णय लिया गया ताकि श्रमिकों को जल्द से जल्द बचाया जा सके.

## अंश की अधजली लाश से नहीं उठा रहस्य का पर्दा

**राजनांदगांव,19 नवंबर।** शहर के गंज चौक के रहने वाले 21 वर्षीय लापता युवक अंश खंडेलवाल का शव अधजली हालत में मिलने के मामले में पुलिस जांच कर रही है। शहर के बाहर स्थित फरहद चौक से कुछ दूर एक झाड़ी के पीछे बीते दिनों युवक का शव मिला। 28 अक्टूबर से युवक लापता था। फरहद चौक में उसकी बाइक मिली थी। पुलिस एवं परिजन उसकी तलाश कर रहे थे। सप्ताहभर बाद फरहद चौक में पुलिस को लाश मिली जिसकी शिनाख्ती में गुम युवक अंश के हाथ में बंधे धागे और चाबी तथा मोबाईल फोन के जरिये उसकी पहचान हुई। यह खबर सुनकर परिजनों के होश उड़ गए। कारोबारी राजेश खंडेलवाल के सुपुत्र की खोजबीन के लिए पुलिस पर लगातार दबाव बनाया जा रहा था। बताया जा रहा है कि मौके पर अंश खंडेलवाल का शव अधजली हुई स्थिति में मिली। सूत्रों का कहना है कि पुलिस प्रथम दृष्टया आत्महत्या मान रही है। वहीं परिजन खुदकुशी जैसा घातक कदम उठाने से इनकार कर रहे हैं। पुलिस के लिए जल्द ही मौत की स्थिति का खुलासा करने का दबाव बढ़ गया है. कि अंश खण्डेलवाल ने हत्या की या आत्महत्या जिसे लेकर शहर में तरह तरह की चर्चा होने लगी हे. इस मामले में परिवार के लोग सहित समाज एवं व्यापारी वर्ग में आक्रोश है कि अब तक पुलिस ने इस मामले में कोई खुलासा नहीं किया है जिसे लेकर अतिशीघ्र उग्र आंदोलन करने की तैयारी की जा रही है जब इस संबंध में राजेश खंडेलवाल से बात की गई तो उन्होने यह कहा कि मेरा बेटा आत्महत्या नही कर सकता उसकी हत्या हुई अतिशीघ्र हमलोग में ज्ञापन देने भी जायेगें.



## महिला मेडिकल ऑफिसर ने लगाई फांसी

**गरियाबंद,19 नवंबर।** छुरा अस्पताल में पदस्थ मेडिकल ऑफिसर ने किराए के मकान में फांसी लगा ली. मामला छुरा थाना क्षेत्र का है. घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस जांच में जुट गई है. छुरा अस्पताल में मेडिकल ऑफिसर के पद पर पदस्थ डॉक्टर सीमा अलोने उम्र 38 वर्ष ने शनिवार की शाम फांसी लगा ली. डॉक्टर ने अपने सरकारी आवास के आगे ही एक किराए का मकान लिया हुआ था, जहां उनके माता-पिता रहते थे. सरकारी आवास में पति डॉ. भारत भूषण आर्या के साथ रहती थीं. शनिवार शाम को पति जब अपने निजी क्लीनिक में थे, मां इवनिंग वॉक के लिए गई हुई थीं और पिता सब्जी खरीदी के लिए बाजार गए थे. तभी महिला डॉक्टर ने किराए के मकान में दुपट्टा को फंदा बना कर फांसी पर लटक गई. इवनिंग वॉक से वापस लौटने पर मां ने बेटी को फंदे पर लटके देखा. तुरंत उन्होंने इसकी सूचना दामाद को दी, जिन्होंने तुरंत बॉडी को उतारकर उपचार का प्रयास किया. इसके बाद सरकारी अस्पताल में भी भर्ती कराया गया, लेकिन तब तक सांसे उखड़ गई थी. छुरा थाना प्रभारी प्रवीन भारती ने बताया कि पंचनामा कर शव को पीएम करवाने गरियाबंद भेजा गया है. रिपोर्ट आने के बाद स्थिति स्पष्ट होगी. फिलहाल मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया है.



## रक्षा मंत्रालय के कैंप में तेंदुए की दहशत

**जगदलपुर,19 नवंबर।** छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले के गिरोला में स्थित डीआरडीओ (डिफेंस रिसर्च एंड डवलपमेंट ऑर्गनाइजेशन) के डिफेंस एरिया में एक मादा तेंदुआ दिखने से दहशत का माहौल बना हुआ है. बताया जा रहा है कि रक्षा मंत्रालय के इस गिरोला कैंप के भीतर तेंदुए ने चार शावकों भी जन्म दिया है. इसके चलते दिन और रात में ड्यूटी करने वाले यहां के रक्षाकर्मियों को वन विभाग ने पूरी तरह से सावधानी बरतने के निर्देश दिए हैं. इधर डिफेंस के अधिकारियों ने तेंदुआ द्वारा चार शावकों को जन्म देने की जानकारी वन विभाग के अधिकारियों को देते हुए सुरक्षा के हिसाब से इन्हें अन्यत्र ले जाने की मांग की है. डिफेंस के अधिकारियों ने बताया कि कुछ दिनों से एक मादा तेंदुआ गिरौल कैंप के घने वन क्षेत्र में नजर आ रही थी. इसकी सूचना कैंप अधिकारियों ने बस्तर वन विभाग के एसडीओ देवलाल दुग्गा को दी, जिसके चलते कैंप के भीतर संभावित क्षेत्र में पिंजरा भी लगाया गया था. लेकिन चार दिन पहले ही पता चला कि तेंदुए ने गिरौला कैंप के भीतर ही चार शावकों को जन्म दिया है, जिसके चलते फिलहाल पिंजरा हटा लिया गया है. इधर रक्षा कर्मियों का कहना है कि शावकों को बचाने के लिए मादा तेंदुआ नाइट शिफ्ट में काम करने वाले कर्मचारियों पर कभी भी हमला कर सकती है. ऐसे में सुरक्षाकर्मियों ने तेंदुआ को शावकों सहित पकड़ कर सघन वन क्षेत्र में छोड़ने की मांग वन विभाग के अधिकारियों से की है.

### मुश्किल में हैं पाकिस्तान में बसे 17 लाख अफगान शरणार्थी

## घर, व्यवसाय, संपत्ति सब पीछे छूटा...अंधकार में भविष्य

**करांची,19 नवंबर।** पाकिस्तान ने अपने यहां रह रहे अफ़ग़ानिस्तानी शरणार्थियों को 31 दिसंबर तक देश से चले जाने का फ़रमान सुनाया है. तकरीबन 17 लाख अफ़ग़ानी पाकिस्तान में रह रहे थे और पिछले दो महीनों में लगभग 4 लाख अफ़ग़ान शरणार्थी अफ़ग़ानिस्तान निर्वासित किए गए हैं. बलूचिस्तान प्रांत के सूचना मंत्री जान अचकजई ने यह जानकारी दी. उधर खैबर पख्तूनख्वा प्रांत की सरकार ने भी अपने यहां रह रहे हजारों अफ़ग़ानी लोगों को उनके देश भेजने के लिए एक बड़ा अभियान शुरू करने का फैसला लिया है. ऐसे ही कुछ अफ़ग़ान शरणार्थियों से बातचीत की गई है. हाजी मुबारक शिनवारी 1982 में अपने पांच बेटों और दो भाइयों के साथ पाकिस्तान आए थे. उन्होंने कड़ी मेहनत से कपड़े, ट्रांसपोर्ट और लोन प्रोवाइडर सर्विस का व्यवसाय खड़ा किया. वह अब कराची के बाहरी इलाके अल-आसिफ स्क्वायर में कई संपत्तियों के मालिक हैं. शिनवारी ने कहा, 'हम इतने सालों से यहां बिना दस्तावेजों के रह रहे हैं और स्थानीय लोगों की मदद से अपना कारोबार स्थापित किया है.'

हाजी मुबारक शिनवारी अकेले नहीं हैं. कराची शहर के उत्तर में बमुश्किल कुछ किलोमीटर की दूरी पर अल-आसिफ स्क्वायर है, जो अपनी विशाल अफ़ग़ान आबादी के लिए जाना जाता है. पास ही अफ़ग़ानी मजदूरों और छोटे व्यवसाय मालिकों की दो बड़ी बस्तियां हैं. अल-आसिफ स्क्वायर और इन बस्तियों का दौरा करने से यह आभास होता है कि आप मिनी काबुल में हैं, जहां अफ़ग़ानी लोग अपनी कई दुकानों और विभिन्न रेस्तरांओं में अफ़ग़ानी व्यंजन पेश करते हैं.

हजारों अफ़ग़ानी, मुख्य रूप से वे जो 1978 में सोवियत संघ के आक्रमण के बाद शरणार्थी के रूप में पाकिस्तान आए थे, उन्होंने दशकों से यहां के सभी प्रमुख शहरों में व्यापार और काम किया है. सिंध प्रांत में कराची और बलूचिस्तान प्रांत में क्वेटा शहर उनके प्रमुख केंद्र हैं. कराची में अफ़ग़ान वाणिज्य दूतावास के कानूनी सलाहकार सादिक उल्लाह काकर ने बताया कि पाकिस्तान में अधिकांश अफ़ग़ान शरणार्थी निम्न मध्यम वर्ग के हैं.



पाकिस्तान सरकार ने जिन अफ़ग़ानों के पास वैध दस्तावेज नहीं हैं उन्हें वापस भेजने के लिए 31 अक्टूबर की समय सीमा तय की थी. इस डेडलाइन के दो सप्ताह बाद, लाखों लोग पहले ही विस्थापित हो चुके हैं और अब, वैध कागजात वाले लोगों को भी 31 दिसंबर के बाद वापस भेजने की योजना बनाई गई है. स्थिति गंभीर है और अफ़ग़ान शरणार्थियों के चेहरों पर अनिश्चितता स्पष्ट दिखती है. पाकिस्तान सरकार इस बात पर अड़ी हुई है कि उसे अपने देश की रक्षा करने की जरूरत है. उसका दावा है कि इनमें से कई अफ़ग़ान आपराधिक और आतंकवादी गतिविधियों में शामिल हैं.पाकिस्तान ने अफ़ग़ानिस्तान की तालिबान सरकार पर तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान और अन्य आतंकवादी समूहों को आतंकवादी हमलों को अंजाम देने के लिए अफ़ग़ान धरती का उपयोग करने से रोकने में सहयोग नहीं करने का भी आरोप लगाया है. इस फैसले से हाजी मुबारक जैसे सैकड़ों अफ़ग़ानियों को नुकसान हुआ है. कई वर्षों से पाकिस्तान में रहने वाले हजारों अफ़ग़ानों को अपने व्यवसाय और संपत्ति छोड़कर वापस जाने के लिए मजबूर होना पड़ा है.

पाकिस्तान सरकार ने अफ़ग़ानिस्तान (पाकिस्तान से) में नकदी और संपत्ति के हस्तांतरण पर प्रतिबंध लगा दिया है. केवल शरणार्थियों को प्रति व्यक्ति 50,000 रुपये नकद अपने साथ ले जाने की अनुमति है. अधिकांश अफ़ग़ान जो वापस आ गए हैं या अपने वतन लौटने की तैयारी कर रहे हैं, उन्हें दशकों से बनाए गए अपने व्यवसायों और घरों को छोड़ना पड़ रहा है. मुद्दा इतना गंभीर हो गया है कि अफ़ग़ानिस्तान के कार्यवाहक वाणिज्य मंत्री हाजी नूरुद्दीन अजीजी ने इस पर चर्चा करने के लिए पिछले सप्ताह इस्लामाबाद में पाकिस्तान के विदेश मंत्री जलील अब्बास जिलानी से मुलाकात की. उन अफ़ग़ानों को भी पाकिस्तान में अपने नाम पर व्यापार करने की अनुमति नहीं है, जिनके पास पीओआर (निवास का प्रमाण) कार्ड या एसीसी (अफ़ग़ान नागरिक कार्ड) है. इन दोनों कार्डों का उद्देश्य केवल धारकों को आधिकारिक तौर पर शरणार्थी के रूप में मान्यता देना और उन्हें पाकिस्तान के स्वास्थ्य सेवा और आर्थिक क्षेत्रों में आंशिक अधिकार प्रदान करना है. मुबारक ने कहा कि उन्हें अब पाकिस्तानी ग्राहकों से लाखों का कर्ज वसूलने में भी दिक़्क़त हो रही है।

### पर्सनल लोन से जुड़े नियमों पर आरबीआई सख्त

**मुंबई,19 नवंबर।** भारतीय रिजर्व बैंक ने पर्सनल लोन से जुड़े नियम सख्त कर दिए हैं. आरबीआई द्वारा जोखिम भार 25 फीसदी बढ़ाए जाने से पर्सनल लोन महंगा हो जाएगा. इस फैसले का सबसे ज्यादा असर बैंकों के साथ-साथ एनबीएफसी पर भी देखने को मिलेगा. केंद्रीय बैंक की इस सख्ती से सबसे ज्यादा नुकसान आरबीएल बैंक और एसबीआई कार्ड को होने की संभावना है. पर्सनल लोन पर आरबीआई की सख्ती से सबसे ज्यादा नुकसान एसबीआई कार्ड और आरबीएल बैंक को होने वाला है.एसबीआई कार्ड के कारोबार में असुरक्षित ऋण की हिस्सेदारी 100 प्रतिशत है और आरबीएल बैंक के लिए यह 31.8 प्रतिशत है. बाजार विशेषज्ञों के मुताबिक नए नियमों से इन कंपनियों के कारोबार पर बहुत बुरा असर पड़ेगा. इसके अलावा एनबीएफसी के कारोबार पर भी नकारात्मक असर पड़ेगा. शुक्रवार को शेयर बाजार में आरबीएल बैंक का शेयर 9.5 फीसदी और एसबीआई कार्ड का शेयर 6.7 फीसदी तक गिर गया.

## एक नजर

### जेल प्रहरी के साथ मारपीट

**भिलाई 19 नवंबर।** हत्या, लूट और डकैती के मामले में दुर्ग सेंट्रल जेल के बंदी अनुपम इस उर्फ अभिषेक ने दो नकाबपोशों के साथ जेल प्रहरी के साथ मारपीट की। इसके बाद उसका मोबाइल लूट कर फरार हो गया। घटना के तीन दिन बीत गए, उनको पकड़ने में पुलिस को सफलता नहीं मिली। पुलिस ने आरोपी अभिषेक झा के खिलाफ धारा 224, 392 के तहत प्रकरण दर्ज किया पुलिस ने बताया कि विचाराधीन बंदी बिहार वैशाली ग्राम बैकुंठपुर निवासी अनुपम उर्फ अभिषेक झशा पिता अवधेश झा को उपवार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वह प्रहरी गीता खुटे और राजूलाल वर्मा ने बंदी अभिषेक को शौच के लिए गया भेजा था उसी समय दो नकाबपोश पहुंचे। दोनों प्रहरियों की पहले धुनाई की उनका मोबाइल लूट लिया, फिर अभिषेक इसा को लेकर भाग गए। मामले में लूट का प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है वर्तमान में रायपुर धनेली निवासी अभिषेक झा ने अमलेश्वर के समृद्धि ज्वेलर्स के संचालक सराफा व्यापारी की हत्या की। इसके बाद डकैती कर तीन साथियों के साथ फरार हो गया था।

### मानव कंकाल की अब तक शिनाख्त नहीं

**भिलाई 19 नवंबर ।** भिलाई तीन थाना क्षेत्र ग्रामअक्लोरडीह के बार में मिले मानव कंकाल की अब तक पुलिस ने शिनाख्त नहीं कर सकी पुलिस ने बताया कि कंकाल केस परीक्षण के लिए राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज भेजा गया है गौरतलब है कि मंगलवार को ग्राम अकलोरडीह के खार में मानव कंकाल मिला पुलिस ने खोपड़ी, जबड़ा और हाथ पैर को इकट्ठा कर मॉच्युरी में रखवाया घटना स्थल से नीले रंग का लोवर और जैकेट मिला था मेडिकल जांच के लिए राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज भेजा है ।

### चित्रकार बृजेश तिवारी को राष्ट्रीय मणिकर्णिका मास्टर्स कला गोल्ड अवार्ड



**भिलाई, 19 नवंबर।** प्रसिद्ध चित्रकार बृजेश तिवारी को मणिकर्णिका आर्ट गैलरी झांसी (उत्तर प्रदेश) द्वारा आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता 2023 में जो राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित थी। प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। और उन्हें मणिकर्णिका मास्टर्स कला गोल्ड अवार्ड से पुरस्कृत किया गया। विभिन्न राज्यों से आए हुए प्रसिद्ध चित्रकारों से 1150 प्रविष्टियां प्राप्त हुई थी। जिसमें बृजेश तिवारी छत्तीसगढ़ से एकमात्र चित्रकार हैं जिन्होंने ये उपलब्धि अपने नाम किया। और प्रदेश का मान बढ़ाया। ज्ञातव्य हो कि बृजेश विगत 35 वर्षो से चित्रकला के क्षेत्र में अनेक राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कार जीत चुके हैं। और पिछले 20 सालों से सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों और संस्थाओं में जाकर हजारों बच्चों को चित्रकला और मूर्तिकला का प्रशिक्षण निशुल्क देते आ रहे हैं। दिल्ली पब्लिक स्कूल दुर्ग में चित्रकला शिक्षक बृजेश तिवारी का कहना है की वह कला के विकास के लिए आजीवन अपना योगदान देते रहेंगे। जिससे छत्तीसगढ़ कला के क्षेत्र में और अधिक समृद्धशाली हो सके।

### स्कन्द षष्ठी समारोह के तीसरे दिन की शुरुआत शिप्रा गणपति हवन से



**भिलाई, 19 नवंबर।** हुडको में स्कन्द षष्ठी समारोह के तीसरे दिन की शुरुआत प्रातः श्री शिप्रा गणपती हवन से हुई जो कार्य सिद्धि दीर्घायु वृद्धि एवं मन की शांति तथा वृद्धि हेतु संपन। तत्पश्चात समाज मे प्रसिद्धि के लिए तनाव रक्तचाप, हृदय एवं त्वचा संबंधी रोगो से मुक्ति, शत्रुओं से मुक्ति, सरकारी नौकरी मे सफलता, अपना घर भूमि प्राप्त करने दीर्घायु शांति और सुरक्षा प्राप्त करने के लिए बुरी नजर दोष और पाप को दूर करने के लिए संपन हुआ 7 दोपहर 01ः00 बजे वदूगराजा, कन्या सुहासिनी दंपति पूजा वसुधारा हवन एवं महा पूर्णाहुति दीप आराधना के पश्चात सभी भक्तजनो ने प्रसाद ग्रहण किया 7 संध्याकाल मे 07ः00 बजे पी टी उल्लास के द्वारा भजन संध्या का आयोजन किया गया। यह आयोजन ब्रम्हश्री राघवन शास्त्रीगल के साथ पधारे तमिलनाडू के सुप्रसिद्ध वेदाचार्य श्री आर अरविंद, जी तिरुमलाई वेंकटेश, जी संकरनारायनन, के मानिकंदन, हरिहरन श्रीधरण, ए सी राघवन, वेंकटा सुबरमानी, डी अखिल, एस हरीकृशन, आर मुरलीथरन, ए रघुनंदन, एन गोकुलकृषणन एवं गुरुनाथ स्वामी के द्वारा सम्पूर्ण हवनों को सम्पन्न किया गया।

### जिले में 71.59 प्रतिशत मतदान

**दुर्ग 19 नवम्बर।** विधानसभा निर्वाचन-2023 के अंतर्गत जिले में 71.59 प्रतिशत मतदान रहा है। जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार जिले के सभी 6 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 62-पाटन में 84.27 प्रतिशत, 63-दुर्ग ग्रामीण में 74.74 प्रतिशत, 64-दुर्ग शहर में 66.36 प्रतिशत, 65-भिलाई नगर में 66.34 प्रतिशत, 66-वैशालीनगर में 65.71 प्रतिशत तथा 67 अहिवारा में 72.00 प्रतिशत रहा है।

# छठ का उल्लास,तालाब के घाटों पर मेले सा नजारा

**■ डूबते सूरज को अर्घ्य देकर की जा रही छठ-पूजा**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 19 नवंबर। लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर पारम्परिक छटा देखते ही बन रही है। घरों से लेकर तालाबों तक भक्ति एवं संगीतमय वातावरण ने सूर्य षष्ठी व्रत के पूरे माहौल को छठमय कर दिया है। महापर्व का आज तीसरा और महत्त्वपूर्ण दिवस है जहाँ अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया जा रहा है। शुक्रवार को नहाय खाय और शनिवार को खरना के बाद आज तीसरे दिन डूबते सूर्य को अर्घ्य देकर छठी मैया का पूजा-पाठ किया जा रहा है । छठ की व्रतधारिणियां एवं साधक पिछले दिन से निर्जला उपवास रखकर छठ मैया की भक्ति एवं श्रद्धा में डूबे हुए हैं। आज अपराह्न से ही शहर के छठ तालाबों पर लोगों का पहुंचना शुरु हो गया। तालाब घाटों पर पूजा-पाठ एवं अर्घ्य देने के लिए घरों से सिर पर दौरा में पूजा सामग्री लिए बजे-गाजे और धूम-धड़ाके के साथ लोग पैदल और वाहनों से घाटों पर पहुँच रहे हैं।**



तालाब घाटों पर भारी भीड़ जुट रही है जहाँ नगर निगम से लेकर स्वयंसेवी संस्थाओं ने लोगों की सहूलियत के लिए अच्छे व्यवस्था कर राखी है। फ्री में जलपान की भी व्यवस्था की गयी है साथ ही मंचीय सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किये जा रही हैं। मेला का नजारा देखने को मिल रहा है। अस्त होते सूर्य देव को अर्घ्य देकर संतान एवं परिवार की सलामती की प्रार्थना की जा रही है । तालाब के पानी में कमर तक खड़े होकर सूर्यदेव को अर्घ्य देकर संतान एवं परिवार की समृद्धि के लिए पूजा पाठ के साथ ही पारम्परिक छठ गीतों से घाट गुंजायमान है।

### कोसी भरने को लेकर दिखा उत्साह

छठ में कोसी भरने को लेकर भी तालाब घाटों पर अपार उत्साह देखने को मिला। कोसी भराई की परंपरा का अपना महत्व है। मनोकामना पूरी होने के बाद कोसी भरकर छठ मैया के प्रति श्रद्धा एवं आस्था के दीप जलाये जाते हैं। कोसी भरने की परम्परा निभाने के बाद घर के अन्य सदस्य छठ व्रत का संकल्प लेकर इस परम्परा को बढ़ाते हैं।

### संगीतमय कार्यक्रम और सजावट की मनोरम छटा

तालाब घाटों पर छठ महिमा की सांगीतिक प्रस्तुति के साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम आकर्षण के केंद्र बने हुए हैं। इसके साथ विशेष रंगीन लाइटों के साथ सजावट की विशेष व्यवस्था की गयी है। छठ मैया के बड़े-बड़े बैनर और पोस्टर से घाटों का नजारा मनोरम हो गया है।

### सोमवार को उदयाचल सूर्य को दिया जाएगा अर्घ्य

आज अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देने के पश्चात सोमवार की भोर सुबह उगते सूरज को अंतिम अर्घ्य दिया जायेगा। इसके बाद छठ-व्रती प्रसाद लेकर पारण करेंगे और लोक पर्व के इस महान साधना का समापन होगा। संतान की दीर्घायु के साथ ही सुख, समृद्धि, धन-धान्य में वृद्धि की कामना के साथ परिजन-रिश्तेदारों के विदाई होगी।

# दुर्ग जिले का प्रसिद्ध रानीतराई मड़ई 20 नवंबर को

**■ लोक गायिका छाया चंद्राकर कृत रात्रिकालीन लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम 'लोक छाया' की होगी प्रस्तुति**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई 19 नवंबर।** दुर्ग जिला ,पाटन ब्लाक के प्रसिद्ध रानीतराई मड़ई का आयोजन कई वर्षो से दीपावली के बाद आने वाले प्रथम सोमवार को आयोजित किया जाता है जिसका आयोजन इस वर्ष 20 नवंबर सोमवार आयोजित किया गया है। रानीतराई का मंडाई जिले में लगने वाले दीपावली के तुरंत बाद सबसे पहले लगाने वाला मड़ई मेलों में से एक है तथा पाटन ब्लॉक सहित दुर्ग जिला के सबसे बड़े मंडाई में से है। इस बार रानीतराई मंडाई में अपार जनसमूह देखने को मिल सकता है क्योंकि इस बार दीपावली के कुछ दिन व मतदान के दो दिन बाद ही मंडाई का आयोजन हो रहा है। ग्राम पंचायत सरपंच निर्मल जैन ने बताया कि ग्राम पंचायत व समस्त ग्रामवासी रानीतराई के सहयोग से वर्षो परंपरा



अनुसार रानीतराई में मंडाई मिलन समारोह का आयोजन किया गया है और रात्रिकालीन कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ी लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम सुप्रसिद्ध लोक गायिका छाया चंद्राकर कृत ÷लोक छाया÷ की मनमोहक प्रस्तुति होगी, जो कि इस मंडाई की रौनकता में और भी ज्यादा इजाफा करेंगे। सभी जनप्रतिनिधि ,ग्रामीणजन, व्यापारीजन सादर आमंत्रित है।

रानीतराई मंडाई मिलन समारोह में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी जनप्रतिनिधियों का आगमन होगा प्रमुख रूप से मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, सांसद विजय बघेल, पूर्व कैबिनेट मंत्री श्रीमति रमशिला साहू, पूर्व विधायक डा दयाराम साहू, जिला पंचायत सदस्य अशोक साहू , पूर्व जिला पंचायत सदस्य जय प्रकाश चंद्राकर ,भाजपा जिला अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा उपस्थित होंगे ।

# ईवीएम को कड़ी सुरक्षा के बीच स्ट्रांग रूम में रखा गया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई 19 नवंबर।** दूसरे चरण के मतदान के बाद इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन को कड़ी सुरक्षा के बीच स्ट्रांग रूम में रखा गया है। दुर्ग में भी जिले के सभी छः विधानसभा सीटों दुर्ग शहर, दुर्ग ग्रामीण, भिलाई नगर, वैशाली नगर, अहिवारा तथा पाटन विधानसभा की उप जिला निर्वाचन अधिकारी बजरंग दुबे ने बताया कि ईवीएम के लिए भिलाई के शंकराचार्य इंजिनियरिंग कॉलेज में स्ट्रांग रूम बनाया गया है। जहां अर्ध सैनिक बल के जवानो को ईवीएम की सुरक्षा में तैनात किया गया है। साथ ही सीसीटीवी से भी की निगरानी जा रही है। दुर्ग के ईवीएम को विधनसभावार स्ट्रांग रूम में रखा गया है किसकी सुरक्षा के लिए ज़िला पुलिस बल के अलावा सशस्त्र बल तथा बीएसएफ के जवानों की तैनाती की गई है गौरतलब है कि दुर्ग जिले की सभी विधानसभा के लिए मतदान का औसत प्रतिशत 71. 59 रहा जिसके लिए 3 दिसंबर को मतगणना होनी है।



### सेवानिवृत फौजी के घर से लाखों रुपये की चोरी

**भिलाई 19 नवंबर।** लोटस सिटी परसदा कुम्हारी निवासी एक सेवानिवृत्त फौजी के घर से लाखों रुपये के आभूषण और नकदी चोरी हुए हैं। शिकायतकर्ता परिवार के साथ दीपावली मनाने के लिए अपने गृहग्राम इंदावानी जिला राजनांदगांव गया था इसी दौरान अज्ञात आरोपित ने घर के दरवाजे का ताला तोड़कर सोने-चांदी के आभूषण स्मार्ट वाच और 40 हजार रुपये नकद चोरी कर लिया घटना की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपित के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर तलाश शुरू की है। पुलिस ने बताया कि लोटस सिटी ग्राम परसदा कुम्हारी निवासी केशव यादव भारतीय सेना से सेवानिवृत्त जवान है। वे 11 नवंबर को परिवार के साथ दीपावली मनाने के लिए अपने गृहग्राम इंदावानी जिला राजनांदगांव गए थे वहां से वे लोग 15 नवंबर को वापस लौटे तो उन्हें अपने घर के दरवाजे का ताला टूटा मिला अंदर जाकर देखा तो आलमारी में रखे सोने-चांदी के आभूषण और 40 हजार रुपये नकद नहीं थे। ऊपर के कमरे में जाकर देखा तो शिकायतकर्ता की बेटी की स्मार्ट वाच भी गायब थी चोरी गर सामान की कुल कीमत ढाई लाख रुपये आकी गई है।

# पीसीबी कचरे के पर्यावरण-अनुकूल निपटारे के लिए बीएसपी फेसेलिटी के प्रोटोटाइप मॉडल का उद्घाटन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 19 नवंबर।** पॉली क्लोरो बाई-फिनाइल (पीसीबी) और पीसीबी दूषित कचरे के पर्यावरण-अनुकूल निपटान के लिए स्थापित सेल-बीएसपी की सुविधा के एक प्रोटोटाइप मॉडल का उद्घाटन, 18 नवंबर 2023 को संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता द्वारा, संयंत्र के कार्यपालक निदेशकों और वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में इस्पात भवन में किया गया। भिलाई इस्पात संयंत्र ने पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (एमओईएफसीसी) और संयुक्त राष्ट्र औद्योगिक विकास संगठन (यूएनआईडीओ) के साथ साझेदारी में, पॉली क्लोरो बाई-फिनाइल (पीसीबी) और पीसीबी दूषित कचरे के निपटान के लिए प्रतिष्ठित राष्ट्रीय परियोजना शुरू की थी। इन कचरे को स्टॉकहोम कन्वेंशन के अनुसार स्थायी कार्बनिक प्रदूषकों (पीओपी) में से एक घोषित किया गया है और अत्यधिक कार्सिनोजेनिक माना गया है। भिलाई इस्पात संयंत्र में स्थापित पीसीबी प्लांट सेल की विभिन्न इकाइयों में वर्तमान में उपलब्ध सभी पीसीबी कचरे के पर्यावरण अनुकूल निपटान में मदद करेगा और पूरे देश में फैले विभिन्न विद्युत प्रतिष्ठानों में संग्रहीत पीसीबी कचरे के विनाश और उपचार में भी मदद करेगा। यह पहल पर्यावरण और स्वास्थ्य के लिए जोखिम पैदा करने वाले स्थायी कार्बनिक प्रदूषकों (पीओपी) के प्रबंधन और उन्मूलन की तत्काल आवश्यकता को अभिभाषित करती है। प्लाज़्मा आर्क डिस्ट्रक्शन टेक्नोलॉजी, गैर-दहन रासायनिक डी-क्लोरिनेशन सिस्टम और अप्रत्यक्ष थर्मल डिसोर्पृशन सिस्टम जैसी सुविधा की तकनीकी विशेषताएं हानिकारक डाइऑक्सिन बिना उत्पन्न किये 100त्न सुरक्षित संचालन की गारंटी देती हैं, जो पर्यावरण मानकों के अनुपालन में एक महत्वपूर्ण पहलू है। इस सुविधा में अपशिष्टों के 100त्न पुनर्चक्रण, पर्यावरणीय नुकसान को कम करने और जिम्मेदार अपशिष्ट प्रबंधन सुनिश्चित करने के प्रावधान शामिल हैं। प्रक्रिया के दौरान उत्पन्न सभी साल्ट और सल्जेस सुरक्षित हैं, क्योंकि कचरे में मौजूद क्लोरीन, हानिरहित सोडियम क्लोराइड साल्ट में परिवर्तित हो जाता है। सभी प्रणालियों का



सफलतापूर्वक परीक्षण हो चुका है और वे स्थाईकरण की दिशा में अग्रसर है। उल्लेखनीय है कि मई 2023 में ÷पीसीबी कचरे के उन्मूलन के लिए स्टॉकहोम कन्वेंशन के तहत पार्टियों के सम्मेलन÷ के दौरान जिनेवा इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस सेंटर में प्रदर्शित भिलाई स्टील प्लांट के पीसीबी मॉडल को सम्मेलन के प्रतिनिधियों से सराहना मिली थी। पीसीबी संयंत्र की स्थापना, एक दीर्घकालिक और पर्यावरण-अनुकूल भविष्य के प्रति, बीएसपी के समर्पण का उदाहरण है, जो पर्यावरणीय स्थिरता में अग्रणी होने की देश की आकांक्षाओं के अनुरूप है। इस्पात भवन की दूसरी मंजिल पर पीसीबी प्लांट के 3डी मॉडल के उद्घाटन के अवसर पर, कार्यपालक निदेशक अंजनी कुमार, कार्यपालक निदेशक एस मुखोपाध्याय, कार्यपालक निदेशक अजय कुमार चक्रबर्ती, कार्यपालक निदेशक डॉ अशोक कुमार पंडा, कार्यपालक निदेशक समीर स्वरुप, कार्यपालक निदेशक पवन कुमार तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवांए) डॉ एम रविन्द्रनाथ सहित मुख्य महाप्रबंधक, संयंत्र के पर्यावरण प्रबंधन विभाग और अन्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे।

## समाचार संक्षेप

### स्टूडेंट डेवलपमेंट प्रोग्राम आयोजित




**उतई 19 नवंबर।** प्रिज्म ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन , महाकाखुर्द मे स्टूडेंट डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बी.एड., पीजीडीएम ,आईटीआई, प्रिज्म पब्लिक स्कूल उतई ,प्रिज्म पब्लिक स्कूल महाकाखुर्द ,के समस्त शिक्षक एवं विद्यार्थी शामिल हुए। इस कार्यक्रम में डॉ. रंजनी सिंह ज्वाइन डायरेक्टर, शैल देवी महाविद्यालय ने नई तालिम 2020 विषय पर व्याख्यान दिया। जिसमें डॉ रंजनी सिंह के द्वारा नई तालीम में बाल शिक्षा, बाल विकास ,शिक्षा- मनोविज्ञान के विषय पर व्याख्यान दिया गया। व्याख्यान के बाद डॉ रंजनी सिंह के द्वारा छात्रों एवं शिक्षकों के प्रश्नों के उत्तर दिए गए , समस्त छात्र प्रतिभागी एवं शिक्षक प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट भी प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन मीनाक्षी देवी सहायक प्राध्यापक बी.एड. डिपार्टमेंट के द्वारा किया गया, प्राचार्य डॉ. अंजना शरद के द्वारा वेलकम स्पीच दिया गया। इस कार्यक्रम की सफलता हेतु महाविद्यालय प्रबंधन श्री रूपेश कुमार गुप्ता एवं श्री मति ख्याति साहू के द्वारा प्रशंसा किया गया।

### सेल-विज़न के प्रारूप के निर्माण लिए प्रश्नावली का विमोचन




**भिलाई, 19 नवंबर।** स्टील ऑथोरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) के विज़न के पुनः प्रारूप के निर्माण के लिए निदेशक प्रभारी सभागार, भिलाई इस्पात संयंत्र में दिनांक 18 नवंबर 2023, शनिवार को एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि, निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता ने कहा कि एक नया विज़न स्टेटमेंट हमारी आकांक्षा है। मैं सभी कर्मचारियों और हितधारकों से इस पहल में सक्रिय रूप से भाग लेने का आग्रह करता हूं। उन्होंने कहा, हमारे लिए प्रत्येक की राय महत्वपूर्ण है, जिससे हम अपने विज़न स्टेटमेंट को सामूहिक रूप से अपना सकें। हमें अपना दृष्टिकोण इस प्रकार स्पष्ट करना चाहिए कि हम स्थिरता की दिशा में काम करें। श्री अनिर्बान दासगुप्ता द्वारा विधिवत इस प्रश्नावली का विमोचन किया गया। उन्होंने अपने उद्बोधन में इस पहल की आवश्यकता को रेखांकित करते हुए इसकी सफलता के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने सभी वरिष्ठ अधिकारियों का आह्वान किया कि वो इस प्रश्नावली को भरने के लिए सभी कार्मिकों को प्रेरित करें। इसके अलावा कार्यक्रम में कार्यपालक निदेशक अंजनी कुमार, कार्यपालक निदेशक सुब्रत मुखोपाध्याय, कार्यपालक निदेशक ए के चक्रवर्ती, कार्यपालक निदेशक डॉ ए के पंडा, कार्यपालक निदेशक समीर स्वरूप, कार्यपालक निदेशक पवन कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी रविन्द्रनाथ एम एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सर्वप्रथम, महाप्रबंधक और नोडल अधिकारी, भिलाई इस्पात संयंत्र अमूल्य प्रियदर्शी द्वारा इस अभिनव पहल के बारे में एक प्रस्तुतीकरण दिया गया। आरम्भ में मुख्य महाप्रबंधक सुश्री निशा सोनी ने स्वागत उद्बोधन दिया तथा सहायक महाप्रबंधक (जनसंपर्क) सुश्री अपर्णा चंद्रा ने कार्यक्रम का संचालन किया।

### स्वरोजगार प्रशिक्षण के लिए 20 नवंबर तक आवेदन

**दुर्ग, 19 नवंबर।** बैंक ऑफ बड़ौदा ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान दुर्ग भारत सरकार द्वारा संचालित एक प्रशिक्षण संस्थान है जो ग्रामीण क्षेत्रों में आत्मनिर्भरता के लक्ष्य को प्राप्त करने के उद्देश्यों को पूरा करने के लिए विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रदान करता है। आरसेटी का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के बेरोजगार युवक-युवतियों को निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण प्रदान कर रोजगार विकास को सुगम बनाना है। आरसेटी द्वारा प्रदान किए जाने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रम आत्म-उत्पादकता, सशक्तिकरण, कौशल विकास, उद्यमिता, बैंकिंग और सेवाओं के बारे में शिक्षण प्रदान करते हैं। आरसेटी द्वारा प्रदान किए जाने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में आत्मनिर्भरता को बढ़ाने में मदद मिलती है।

## एक नजर

### पूरे प्रदेश में बदलाव की बयार अशोक बजाज ने किया दावा



**रायपुर 19 नवंबर।** भाजपा प्रवक्ता एवं जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष अशोक बजाज ने मतदान के बाद दावा किया कि पूरे प्रदेश में बदलाव की बयार चल रही है । छत्तीसगढ़ के मतदाताओं ने मोदी के नाम और मोदी के काम के आधार पर भाजपा के पक्ष में मतदान किया है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की महिलाओं ने स्वस्फूर्त घर से निकलकर अपने मताधिकार का उपयोग किया जो इस बात का संकेत है कि महतारी वंदन योजना जैसे वायदे से वे प्रभावित रही तथा भाजपा को जिताने के संकल्प के साथ उन्होंने मतदान में हिस्सा लिया । श्री बजाज ने दावा किया कि मतदाताओं ने भाजपा की गारंटी पर भरोसा जताया है तथा जनता के आशीर्वाद से प्रदेश में भाजपा को दो तिहाई सीटें मिलेगी और भाजपा की सत्ता में शानदार वापसी होगी।

### स्ट्रांग रूम किया गया सील

**धमतरी 19 नवम्बर।** जिले में विधानसभा मतदान के पश्चात सभी मशीनों को आने के बाद सामान्य प्रेक्षक विधानसभा धमतरी एवं सिहावा श्री मनीष अग्रवाल, सामान्य प्रेक्षक विधानसभा कुरुद श्री दीपक रामचंद्र तावरे तथा कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री ऋतुराज रघुवंशी और सभी राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में पॉलिटेक्निक कालेज रुद्री में स्ट्रांग रूम को सील किया गया। स्ट्रांग रूम की कड़ी सुरक्षा के लिए सुरक्षा बल तैनात हैं। स्ट्रांग रूम की सुरक्षा के लिए जवान तैनात हो गए हैं। स्ट्रांग रूम में विधानसभा वार 3 विधानसभा के हिसाब से अलग-अलग ईवीएम एवं वीवीपैट रखी गई हैं। प्रशासन द्वारा स्ट्रांग रूम को सीसीटीवी की निगरानी में रखा गया है। जिसके लिए मॉनिटरिंग कक्ष बनाया गया है। इस दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री ऋतुराज रघुवंशी ने पॉलिटेक्निक कालेज रुद्री में मतगणना स्थल और सीसीटीवी मॉनिटरिंग कक्ष का निरीक्षण किया।

### कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज के दिवाली मिलन समारोह में प्रतिभाओं का सम्मान

**रायपुर 19 नवंबर।** कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज का दिवाली मिलन समारोह कल 19 नवम्बर रविवार की संध्या आशीर्वाद भवन, बैरन बाजार, रायपुर में आयोजित है। जिसके मुख्य अतिथि पं. अरुण पाठक, उत्तर प्रदेश विधान परिषद सदस्य (कानपुर उन्नाव खंड) रहेंगे। कार्यक्रम के अंतर्गत कक्षा 10 से लेकर स्नातकोत्तर परीक्षाओं में अंकों के आधार पर स्वर्ण एवं रजत पदक प्रदान कर प्रतिभा सम्मान किया जाएगा तथा विशेष योग्यता, विशेषज्ञता, उपलब्धि हासिल करने वालों का भी सम्मान किया जाएगा। साथ ही फाइनल क्रिकेट मैच के लाइव प्रसारण की व्यवस्था भी रहेगी।

### अधिकृत प्रत्याशी के खिलाफ गतिविधियों में शामिल लोगों को कारण बताओ नोटिस

**रायपुर 19 नवंबर।** पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी के विरूद्ध पार्टी विरोधी गतिविधियों में संलग्न होने का मामला संज्ञान में आने के बाद कांग्रेस ने राज्य बाल संरक्षण आयोग के सदस्य पुष्पा पाटले, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष तारकेश्वर गभेल, भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के सदस्य दुर्गेश जायसवाल, इंका नेत्री गीतांजली पटेल, प्रदेश कांग्रेस सचिव त्रिलोक श्रीवास, पूर्व प्रत्याशी लक्ष्मीकांता हेमंत साहू, कुरूद नगर पंचायत अध्यक्ष तपन चंद्राकर, कुरूद जनपद पंचायत अध्यक्ष शारदा देवी साहू, धमतरी जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष भरत नाहर को कारण बताओ नोटिस देकर 24 घंटा में जवाब मांगा।

### बालोद जिला के पूर्व अध्यक्ष हलधर साहू 6 वर्षो के लिये निष्कासित

**रायपुर 19 नवंबर।** पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी के विरूद्ध पार्टी विरोधी गतिविधियों में संलिप्त होने के कारण बालोद जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष हलधर साहू को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से 6 वर्षो के लिये निष्कासित किया गया।

# अपहरण कर अनाचार करने वाला गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 19 नवंबर।** 30 अगस्त को घुमका थाना अंतर्गत ग्राम की एक नाबालिक लड़की को भटगांव निवासी संदेही हेमराज उर्फ़ हेमंत के द्वारा बहला फुसला कर भगा ले जाने के संबंध मे पीड़िता की माँ की शिकायत पर थाना घुमका मे संदेही के विरुद्ध धारा 363 भादवि के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया था। पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा , अनुविभागीय पुलिस अधिकारी डोंगरगांव श्री दिलीप सिसोदिया के मार्गदर्शन में थाना घुमका पुलिस के द्वारा आज दिनांक 18.11.2023 को ही आरोपी हेमराज




जांगड़े उर्फ़ हेमंत को ठेलकाडीह जिला खैरागढ़ से हिरासत मे लेकर पूछताछ किया आरोपी के द्वारा अपराध घटित किया जाना बताया आरोपी के कब्जे से नाबालिक पीड़िता को बरामद कर महिला पुलिस अधिकारी से पूछताछ कराये जाने पर आरोपी द्वारा पीड़िता के साथ अप्राकृतिक संबंध बनाने, मारपीट करने एवं जान से मारने की धमकी देने के संबंध मे नए तथ्य आने पर विवेचना के दौरान 366, 376(2), 377,323, 506 भादवि व धारा 4,6 पोस्को एक्ट की धारा जोड़कर आरोपी को आज दिनांक 18.11.23 को विधिवत गिरफ्तार किया जाकर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर न्यायिक रिमांड मे जेल दाखिल किया गया है

उक्त सम्पूर्ण कार्यवाही मे थाना घुमका से थाना प्रभारी विनय कुमार पम्मार, उप निरीक्षक दायशंकर मिश्रा , प्रधान आर. हेमंत अनंत , आरक्षक गोवर्धन कंवर , गौतम सिंह, सी.पी. साहू, केयूर भूषण यादव, महिला आरक्षक राजश्री मरकाम एवं थाना ठेलकाडीह पुलिस स्टॉफ की भूमिका सराहनीय रही।

# विशेषज्ञों ने लाइव सर्जरी कर डॉक्टरों को बारीकियों की जानकारी दी

**रायपुर.19 नवम्बर।** यूरोगायनेकोलॉजी कमिटी ऑफ़ इंडियन मेनोपॉज सोसायटी एवं डिपार्टमेंट ऑफ ऑब्स एंड गायनी पंडित जवाहरलाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में आईएमएस यूरोग्नेकॉन 2023 नेशनल कॉन्फ्रेंस का आयोजन चिकित्सा महाविद्यालय के स्व. अटल बिहारी वाजपेयी सभागार में किया जा रहा है। इस दो दिवसीय कॉन्फ्रेंस में देश के विभिन्न हिस्सों से ख्यातिप्राप्त गायनेकोलॉजिस्ट शिरकत कर रहे हैं। कॉन्फ्रेंस के पहले दिन यूरोगायनेकोलॉजी पर लाइव ऑपरेटिव वर्कशॉप के अंतर्गत बाहर से आए विशेषज्ञों के द्वारा तीन महिला मरीजों की गर्भाशय एवं पेल्विक सबंधित समस्याओं की लाइव सर्जरी की गई। इन सर्जरी को ऑपरेशन थियेटर से लाइव प्रसारण के जरिये सभागार में उपस्थित डॉक्टरों ने देखा और यूरोगायनेकोलॉजी सर्जरी की बारीकियों के बारे में जानकारी प्राप्त की।

सम्मेलन की आयोजन अध्यक्ष डॉ. पुष्पा सेठी एवं डॉ. मनोज चेलानी ने बताया



कि इंडियन मेनोपॉज़ सोसाइटी के यूरोगायनेकोलॉजी के प्रथम राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन राजधानी रायपुर में करना गौरव की बात है। इस सम्मेलन के पहले दिन ऑपरेटिव यूरोगायनेकोलॉजी कार्यशाला का लाइव प्रसारण हुआ और रविवार को श्रोणि (पेल्विक) की शारीरिक रचना पर कार्यशाला है। इसके साथ ही आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाशाली डॉक्टरों के द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की भी प्रस्तुति की जाएगी।

आयोजन सचिव एवं विभागाध्यक्ष प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग डॉ. ज्योति जायसवाल ने बताया कि आज वाल्ट प्रोलेप्स एवं नॉन डिसेंट वैजाइनल हिस्ट्रेक्टमी के केस ऑपरेट किये गए। वाल्ट प्रोलेप्स के अंतर्गत हाई यूटेरो सेक्रल फिक्सेशन की सर्जरी डॉ. हारा पटनायक, डॉ. रुचि किशोर गुप्ता एवं डॉ. अंजुम एवं टीम के द्वारा की गई। यह ऐसा जटिल केस था जिसमें 50 वर्षीय महिला के गर्भाशय को पूर्व में ऑपरेशन करके निकाल दिया गया था उसके बाद बचा हुआ हिस्सा योनिमार्ग से बाहर निकल आया था। इसकी सर्जरी योनिमार्ग से की गई। वहीं नॉन डिसेंट वैजाइनल हिस्ट्रेक्टमी में डॉ. मंगेश, डॉ. तनवीर एवं टीम ने 48 वर्षीय मरीज की सर्जरी की।

डॉ. ज्योति जायसवाल एवं डॉ.सुमा ने बताया कि महिलाओं में कई बार खांसते, छींकते समय पेशाब निकल आता है लेकिन इस बारे में बात करने से वो झिझक या संकोच महसूस करती हैं। यही पेशाब लीक होने की यह समस्या आगे जाकर गंभीर समस्या का रूप ले लेती है। लाइव वर्कशॉप के अंतर्गत डॉ. तनवीर ने हिस्टेरोस्कोपी के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि डॉ. आभा सिंह, डॉ. हारा पटनायक एवं मुख्य अतिथि अधिष्ठाता (चिकित्सा महाविद्यालय) डॉ. तृप्ति नागरिया एवं अधीक्षक (अम्बेडकर अस्पताल) डॉ. एस. बी. एस. नेताम रहे। इस सम्मेलन में बाहर से आए विशेषज्ञ डॉक्टरों में इंडियन मेनोपॉज़ सोसाइटी से डॉ. आरती गुप्ता, डॉ. बिपाशा सेन एवं डॉ. रागिनी अग्रवाल शामिल हैं।

विदित हो कि यूरोगायनेकोलॉजी स्त्री रोग और प्रसूति विज्ञान का एक विशेष क्षेत्र है जो महिला पेल्विक चिकित्सा और पुनर्निर्माण सर्जरी से संबंधित है। इसके अंतर्गत कमजोर मूत्राशय या पेल्विक ऑर्गन प्रोलैप्स (मांसपेशियां कमजोर होने के कारण अंग का गिर जाना या लटक जाना) जैसी पेल्विक फ्लोर स्थितियों का निदान और उपचार करते हैं।

# अगासदिया परिसर में केदार दुबे की किताब का हुआ विमोचन

**रायपुर 19 नवंबर।** 18 नवम्बर को दोपहर 2.00 बजे प्रसिद्ध कवि केदार दुबे के काव्य संग्रह अम्मर बाई कथे का विमोचन हुआ । चार पंक्तियों के छत्तीसगढ़ी चारगोड़िया इस संग्रह की विशेषता है । बिल्हा के रचनाकार केदार दुबे का यह नया संग्रह ज्ञान मुद्रा प्रकाशन से आया है । इससे पूर्व केदार दुबे के हिन्दी एवं छत्तीसगढ़ी में तीन संग्रह आ चुके हैं । विमोचन के अवसर पर केदार दुबे का सम्मान अतिथियों ने शाल श्रीफल से किया ।




कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रवि श्रीवास्तव ने बधाई देते हुए कहा कि केदार दुबे लंबे समय से लिख रहे हैं । उनकी कविताएँ आकाशवाणी से लगातार प्रसारित हुई है । अगासदिया परिसर में बिल्हा के कवि की किताब का विमोचन बहुत महत्वपूर्ण है ।

कार्यक्रम के अध्यक्ष विजय गुप्ता ने कहा कि लंबे समय तक रचनाशील रहना बड़ी साधना है । विशेष अतिथि डॉ. सुधीर शर्मा ने कहा कि केदार दुबे भाषा शास्त्री एवं शिक्षा शास्त्री भी है । डॉ. सोनाली चक्रवर्ती विशेष अतिथि ने कहा कि छोटी छोटी रचनाएँ बड़े प्रभाव के साथ सामने आई हैं । तमाम विसंगति से जुझकर समाज साहित्य, कला एवं सेवा में ही सार्थकता तलाशता है ।

छत्तीसगढ़ जनवादी लेखक संघ के अध्यक्ष डॉ. परदेशीराम वर्मा ने बधाई देते हुए कहा कि केदार दुबे की रचनाएँ लोकमंच के माध्यम से जन जन तक पहुँची है । वे आज भी रचनाशील हैं यह बड़ी खुशी की बात है । अगासदिया परिसर को उन्होंने विमोचन के लिए चुना यह उनका बिल्हा और भिलाई के बीच पुल बनाने का रचनात्मक प्रयास है ।

कार्यक्रम में रजनी नेल्सन, प्यारेलाल देशमुख, डॉ. चंद्रशेखर, दिलीप बंजारे, अजय शर्मा, मनोहर दास, त्रयंबक साटकर, सचिन निषाद, प्रो. अभिषेक सुराना, डॉ, रजनीश उमरे, योगेश पाण्डे, हेमलाल कौशल, बी.एल. मालवीय, प्रदीप वर्मा, नीतीश, करन वर्मा, निक्कू पटेल, रामलाल शर्मा उपस्थित थे । कार्यक्रम संचालन नारायण चंद्राकर ने किया । अजय शर्मा ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि केदार बाई के आग्रह पर तुरंत तैयार होकर डॉ. परदेशीराम वर्मा ने उदारता का परिचय दिया है ।

# कैंसर जागरूकता अभियान के तहत शिविर में 40 से ज्यादा लोगों की जांच

**रायपुर 19 नवंबर।** कलिंगा विश्वविद्यालय मध्य भारत का एक प्रतिष्ठित एवं अग्रनी विश्वविद्यालय है। विश्वविद्यालय में बाल्को कैंसर हॉस्पिटल के सहयोग से विश्वविद्यालय के प्राध्यापक एवं कर्मचारियों के लिए कैंसर जागरूकता अभियान के तहत् कैंसर के निःशुल्क जॉच शिविर का आयोजन किया गया। जॉच शिविर के उपरांत विशेषज्ञ चिकित्सक के द्वारा कैंसर पर व्याख्यान दिया गया एवं उपस्थित लोगो की जिज्ञासा का समाधान किया गया।

शिविर का शुभारम्भ विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. आर. श्रीधर एवं महानिदेशक डॉ. बैजू जॉन ने किया। उद्घाटन कार्यक्रम में विश्वविद्यालय की वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. आशा अम्भईकर एवं डॉ. अजय शुक्ला तथा अन्य शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

विदित हो कि कलिंगा विश्वविद्यालय में सदैव प्रतिष्ठित चिकित्सक एवं विशेषज्ञ डॉक्टरों की मद्द से विभिन्न जटिल बीमारियों का निःशुल्क जॉच करके उसके उपचार हेतु विभिन्न प्रयास किया जाता रहा है। इसी क्रम में 18 नवम्बर 2023, शनिवार को बाल्को कैंसर हॉस्पिटल के सौजन्य




से 40 से अधिक प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों का पैप स्मीयर टेस्ट, ब्रश सायटोलॉजी, मेमोग्राफी एवं थर्मल्स स्केनिंग आदि का निःशुल्क जॉच किया गया।

इस शिविर के अंत में बाल्को कैंसर हॉस्पिटल के डॉ. नुपूर प्रिया द्वारा विश्वविद्यालय के सभाकक्ष में कैंसर विषय पर व्याख्यान दिया गया।

उक्त शिविर का आयोजन कलिंगा विश्वविद्यालय की ओर से डॉ. ए. विजयानंद, मुख्य कुलानुशासक द्वारा किया गया इस कार्यक्रम का संचालन डॉ. ए. राजशेखर, प्राध्यापक कला एवं मानविकी विभाग द्वारा किया गया।

बाल्को कैंसर हॉस्पिटल के डॉ. नुपूर प्रिया, डॉ. दामिनी, सुश्री अर्चना रॉव, सुश्री ममता नेताम एवं श्री हरदीप सिंह उपस्थित थे।

## वाहनो की लगातार चेंकिग की जा रही



**राजनांदगांव 19 नवंबर।** पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में जिले के सभी थाना चौकी प्रभारियों को निर्देश दिया गया है की अपने अपने थाना क्षेत्रौं में एमसीपी लगाकर वाहनों की चेकिंग करें जिस पर जिले के समस्त थाना/चौकी एवं यातायात पुलिस द्वारा एमसीपी लगाकर अवैध सामग्री की चेकिंग की जा रही है साथ ही मोटर व्हीकल एक्ट के तहत भी लगातार कार्यवाही जारी रहेगी।

### कलेक्टर ने निर्विघ्न एवं शांतिपूर्ण मतदान संपन्न होने पर सबका आभार व्यक्त किया

**धमतरी 19 नवम्बर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री ऋतुराज रघुवंशी ने विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत जिले की तीनो विधानसभाओं में शांतिपूर्ण एवं निर्विघ्न मतदान संपन्न होने पर मतदान कार्य संपादित एवं संपन्न कराने वाले सभी अधिकारियों-कर्मचारियों, सुरक्षाकर्मियों सहित जिले के नागरिकों के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में मतदान कराने हेतु अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई थी, जिन्होंने पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ मतदान सुचारू ढंग से संपन्न कराने में अपने कर्तव्यों एवं दायित्वों का भली-भांति निर्वहन किया, वहीं सुरक्षा कर्मियों द्वारा भी सुरक्षा जिम्मेदारियों का बखूबी निर्वहन किया गया। जिले के नागरिकों ने पूरे सहयोग के साथ निर्वाचन व्यवस्थाओं को ध्यान में रखते हुए उत्साह के साथ मतदान में हिस्सा लेकर मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र में अपनी आस्था व्यक्त की। नए मतदाताओं ने भी पहले बार मताधिकार का प्रयोग करने में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, वहीं महिलाओं की सक्रिय सहभागिता रही। वरिष्ठ नागरिकों एवं दिव्यांगजनों ने भी मतदान किया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने मीडिया प्रतिनिधियों के प्रति भी आभार व्यक्त किया, जिन्होंने सभी तरह के समाचारों का पर्याप्त कव्हरेज करते हुए सभी को अवगत कराया। स्काउट-गाईड, एनसीसी एवं एनएसएस के छात्रों द्वारा मतदान के समय उपयोगी भूमिका निभाई गई, जो सराहनीय है। मतदान दलों को लाने-ले जाने के अन्य कार्यों में लगे वाहन चालकों के सहयोग के बिना यह निर्वाचन कार्य भली-भांति संपादित नहीं हो पाता, इनके पूर्ण समर्पण एवं कर्तव्यनिष्ठ होने के फलस्वरूप यह कार्य संपादित हुआ है, इसके लिए सभी वाहन चालक बधाई के पात्र हैं। इसके अलावा स्वसहायता समूह, सामाजिक संगठनों सहित अन्य सभी संस्थाओं ने अपनी भूमिका अदा की है और उनका कार्य सराहनीय रहा है, ये सभी बधाई के पात्र हैं। उन्होंने सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए बधाई दी है।



### खादिम ने शुरू किया दिल में दिवाली पैरों में खादिम अभियान

**रायपुर 19 नवंबर।** देश के दूसरे सबसे बड़े खुदरा फुटवियर कंपनी खादिम इंडिया ने त्योहार की खुशियों को दोगुना करने के लिए शुरू किया दिवाली अभियान, दिल में दिवाली पैरों में खादिम। यह अभियान रोशनी के त्योहार दिवाली की खुशियाँ मनाने के लिए खास तौर पर पूरे परिवार के लिए डिज़ाइन किए गए ब्रांड के उत्सव संग्रह (फेस्टिव कलेक्शन) को आपके समक्ष उपस्थित करता है। इसके अलावा त्योहार को और बड़ा बनाने के लिए ब्रांड अपने उपभोक्ताओं की खुशियों के लिए आकर्षक ऑफर भी पेश कर रहा है। यह अभियान अपने ग्राहकों को यह भरोसा दिलाता है कि उनका प्रिय फुटवियर ब्रांड सभी के लिए एक छत के नीचे नए फैशन के फुटवियर और एक्सेसरीज़ लेकर आया है। कंपनी ने अपने प्राथमिक ब्रांड खादिम और उसके उप ब्रांड ब्रिटिश वॉकर, लजार्ड, टर्क, शेरोन, क्लियो, सॉफ्टटच, पीआरओ , बोनिटो और एड्रियाना के तहत जूते की अपनी फेस्टिव रेंज लॉन्च की है। साथ ही उपभोक्ताओं के लिए 1000 रुपये और उससे अधिक की खरीदारी पर इन स्टोर ऑफर भी शुरू किए है। दिल में दिवाली पैरों में खादिम अभियान विशेष रूप से इस बाज़ार के लिए तैयार किया गया है। पेश की गई फेस्टिव रेंज सही बजट में उपलब्ध, सर्वोत्तम गुणवत्ता वाली है जो किसी भी उत्सव में पोशाक के साथ मेल खाएगा।




**अंवरी 19 नवंबर।** आदर्श मतदान केंद्र गुजरा में जिला पंचायत सभापति गोविंद साहू ने साथियों के साथ किया मतदान।

# प्रदेश में सबसे अधिक 86.65 प्रतिशत मतदान धमतरी में हुआ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**धमतरी, 19 नवंबर।** विधानसभा आम निर्वाचन-2023 के तहत् शुक्रवार 17 नवम्बर को जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों के सभी 753 मतदान केंद्रों में मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इस बार हुए मतदान ने यह सिद्ध कर दिया है कि आदिवासी क्षेत्र के मतदाता अपने मताधिकार को लेकर काफी जागरूक हो चुके हैं। जिले में स्थापित किए गए आदर्श मतदान केन्द्र, संगवारी पोलिंग बूथ, बिटिया हेल्प डेस्क, दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिकों के लिए स्थापित किए गए मतदान केन्द्रों में वोट डालने मतदाताओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। 17 नवम्बर को सुबह 7.30 बजे से ही कतार में लगकर मतदाताओं ने वोट डाला, जो कि देर शाम तक चलता रहा।

प्राप्त आंकड़े अनुसार जिले के कुल 5 लाख 38 हजार 945 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया, जो डाले गए मतों का 86.65 प्रतिशत है। इसमें 2 लाख 66 हजार 244 पुरूष मतदाता एवं 2 लाख 72 हजार 696 महिला मतदाता और 5 अन्य मतदाताओं ने मतदान किया।

विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 56-सिहावा (अनुसूचित जनजाति) में 1 लाख 69 हजार 417 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया, जो डाले गए मतों का 87.64 प्रतिशत है। इसमें 82 हजार 338 पुरूष मतदाता एवं 87 हजार 77 महिला मतदाताओं ने मतदान किया। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 57-कुरूद में 1 लाख 88 हजार 136 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया, जो डाले गए मतों का 90.17 प्रतिशत है। इसमें 94 हजार 437 पुरूष मतदाता एवं 93 हजार 698 महिला मतदाताओं ने मतदान किया, जो डाले गए मतों का 90.17 प्रतिशत है। इसी तरह विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 58-धमतरी में 1 लाख 81 हजार 392 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया, जो डाले गए मतों का 82.44 प्रतिशत है। इसमें 89 हजार 469 पुरूष मतदाता एवं 91 हजार 921 महिला मतदाताओं ने



मतदान किया, जो डाले गए मतों का 82.44 प्रतिशत है।

**पोस्टल बैलेट और होम वोटिंग के माध्यम से जिले के 3307 लोगों ने मतदान किया :** कल दिनांक 17 नवम्बर 2023 को हुये मतदान एवं पोस्टल बैलेट वोटिंग तथा होम वोटिंग को मिलाये तो जिले में 87.18 प्रतिशत मतदान हुआ है। सिहावा विधानसभा में पोस्टल बैलेट एवं होम वोटिंग के माध्यम से 986 लोगों ने मतदान किया। कुरूद विधानसभा में पोस्टल बैलेट एवं होम वोटिंग के माध्यम से 982 और धमतरी विधानसभा में 1339 लोगों ने मतदान किया। इस तरह पोस्टल बैलेट और होम वोटिंग के माध्यम से जिले के 3307 लोगों ने मतदान किया।

**मतदाता सूची का सटीक पुनरीक्षण के कारण बढा मतदान प्रतिशतः** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री ऋतुराज रघुवंशी ने भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची में पुनरीक्षण के कार्य को गंभीरता के साथ कराने के निर्देश दिए थे। जिसके परिणाम स्वरूप पूरे जिले में 29 हजार 717 से अधिक नए मतदाता जुड़े, वही 18 हजार 363 के नाम मतदाताओं के नाम सूची से काटे गए।

**स्वीप गतिविधियों के परिणामस्वरूप प्रदेश का सबसे अधिक मतदान धमतरी जिले में हुआः** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री ऋतुराज रघुवंशी के निर्देश और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत तथा स्वीप नोडल अधिकारी श्रीमती रोक्तिमा यादव के मार्गदर्शन में जिले में मतदाताओं को जागरूक करने विभिन्न स्वीप गतिविधियां आयोजित की गई। इसके परिणामस्वरूप धमतरी जिला प्रदेश का सबसे अधिक मतदान वाला जिला बना।

**जिले के अधिकतर नये मतदान केन्द्रों में 90 प्रतिशत से अधिक हुआ मतदानः** विधानसभा 56 सिहावा के मतदान केन्द्र क्रमांक 4 बांसपारा में 90.32 प्रतिशत, मतदान केन्द्र क्रमांक 13 साल्हेभाठा में 94.23 प्रतिशत, मतदान केन्द्र क्रमांक 55 हथबंध में 82.15 प्रतिशत, मतदान केन्द्र क्रमांक 57 रेंगाडीह में 87.78 प्रतिशत, मतदान केन्द्र क्रमांक 83 भोभलाबाहरा में 83 प्रतिशत, मतदान केन्द्र क्रमांक 91 झूरातराई में 90 प्रतिशत, मतदान केन्द्र क्रमांक 110 खैरभर्री में 95 प्रतिशत, मतदान केन्द्र क्रमांक 120 आमदी में 86.77 प्रतिशत, मतदान केन्द्र क्रमांक 124 दाबगांव में 86.80 प्रतिशत, मतदान केन्द्र क्रमांक 127 राजपुर में 90.18 प्रतिशत, मतदान केन्द्र क्रमांक 134 चारगांव में 85.66 प्रतिशत, मतदान केन्द्र क्रमांक 189 देवपुर में 87.63 प्रतिशत, मतदान केन्द्र क्रमांक 194 पंडरीपानी रैयत मे 90.43 प्रतिशत, मतदान केन्द्र क्रमांक 235 लखनपुरी में 89.14 प्रतिशत, मतदान केन्द्र क्रमांक 237 पंडरवाही में 88.96 प्रतिशत, मतदान केन्द्र क्रमांक 239 मौहाबाहरा में 91.72 प्रतिशत, मतदान केन्द्र क्रमांक 240 रानीगांव में 87.88 प्रतिशत, मतदान केन्द्र क्रमांक 245 तुमड़ीबाहार 91.26 प्रतिशत और मतदान केन्द्र क्रमांक 248 फरसगांव में 90.79 प्रतिशत वोट पड़े।

विधानसभा 57 कुरूद के मतदान केन्द्र क्रमांक 3 कचना में 88.77 प्रतिशत, मतदान केन्द्र क्रमांक 35 दर्रा में 95.66 प्रतिशत, मतदान केन्द्र क्रमांक 39 संकरी में 93.68 प्रतिशत, मतदान केन्द्र क्रमांक 117 बगौद में 89.91 प्रतिशत, मतदान केन्द्र क्रमांक 134 भाठागंव में 89.93 प्रतिशत, मतदान केन्द्र क्रमांक 205 परसट्ठी में 93.66 प्रतिशत वोट पड़े।

विधानसभा 58 धमतरी के मतदान केन्द्र क्रमांक 92 बलियारा में 84.41 प्रतिशत, मतदान केन्द्र क्रमांक 102 मुजगहन में 85.87 प्रतिशत वोट पड़े।


**संगवारी मतदान केन्द्रों में पिछले निर्वाचन से अधिक हुआ मतदान :** संगवारी मतदान केन्द्रों में भी पिछले निर्वाचन से इस बार अधिक मतदाताओं ने वोट डालकर लोकतंत्र के प्रति अपनी आस्था जताई। प्राप्त जानकारी के अनुसार विधानसभा क्षेत्र 56 सिहावा के मतदान केन्द्र क्रमांक 62 मगरलोड में वर्ष 2018 में 79.25 प्रतिशत मतदान हुआ, जबकि इस वर्ष 84.49 प्रतिशत वोटरों ने वोट किया। इस तरह 2023 में 5.24 प्रतिशत अधिक मतदान हुआ। मतदान केन्द्र क्रमांक 143 बिलभदर में वर्ष 2018 में 83.43 प्रतिशत वोट पड़ा, जबकि इस बार 86.04 प्रतिशत मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया। इस प्रकार 2.62 प्रतिशत अधिक वोट पड़े। इसी तरह मतदान केन्द्र क्रमांक 146 हरदीभाठा में वर्ष 2018 में 82.97 प्रतिशत वोट पड़े वहीं इस वर्ष 87.08 प्रतिशत वोटरों ने वोट डाला। इस तरह 4.12 प्रतिशत अधिक वोट पड़े। मतदान केन्द्र क्रमांक 151 नगरी में वर्ष 2018 में 73.50 प्रतिशत वोट पड़े, इस साल 78.76 प्रतिशत वोटरों ने वोट डाला। इस तरह 5.26 प्रतिशत अधिक वोट पड़े। मतदान केन्द्र क्रमांक 152 नगरी में वर्ष 2018 में 72.47 प्रतिशत वोट पड़े, वर्ष 2023 में 78.62 प्रतिशत वोटरों ने वोट डाला, इस तरह 6.16 प्रतिशत अधिक वोट पड़े। मतदान केन्द्र क्रमांक 153 नगरी में वर्ष 2018 में 68.04 प्रतिशत तो वर्ष 2023 में 77.39 प्रतिशत वोट पड़े, इस तरह 9.36 प्रतिशत अधिक वोट पड़े। मतदान केन्द्र क्रमांक 163 अमाली में वर्ष 2018 में 89.63 प्रतिशत, तो वर्ष 2023 में 89.52 प्रतिशत वोट पड़े। मतदान केन्द्र क्रमांक 173 सांकरा में वर्ष 2018 में 81.52 प्रतिशत तो 2023 में 82.15 प्रतिशत वोटरों ने वोट डाला, इस तरह 0.64 प्रतिशत अधिक वोट पड़े। मतदान केन्द्र क्रमांक 189 देवपुर में 2023 में 87.63 प्रतिशत, मतदान केन्द्र क्रमांक 196 सेमरा में वर्ष 2018 में 81.70 प्रतिशत तो वर्ष 2023 में 86.32 प्रतिशत वोटरों ने वोट डाले। इस तरह 4.62 प्रतिशत वोट अधिक पड़े। विधानसभा क्षेत्र 57 कुरूद के तहत मतदान केन्द्र क्रमांक 01 कचना में वर्ष 2018 में 92.78 प्रतिशत मतदान हुआ था, वहीं 2023 में 95.25 प्रतिशत मतदान हुआ है। इस तरह 2.47 प्रतिशत अधिक वोट पड़े। मतदान केन्द्र क्रमांक 15 सरबदा में वर्ष 2018 में 87.61 प्रतिशत वोट पड़ा, जबकि इस बार 86.39 प्रतिशत मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया। इस प्रकार 1.22 प्रतिशत अधिक वोट पड़े। इसी तरह मतदान केन्द्र क्रमांक 32 फुसेरा में वर्ष 2018 में 87.73 प्रतिशत वोट पड़े वहीं इस वर्ष 90.99 प्रतिशत वोटरों ने वोट डाला। इस तरह 3.27 प्रतिशत अधिक वोट पड़े। मतदान केन्द्र क्रमांक 71 भखारा में वर्ष 2018 में 88.21 प्रतिशत वोट पड़े, इस साल 87 प्रतिशत वोटरों ने वोट डाला।

सलमान खान की फिल्म टाइगर 3 को रिलीज के बाद ही दर्शकों का बेशुमार प्यार मिल रहा है। ऐसे में फिल्म भारत में ही नहीं दुनियाभर में शानदार कमाई कर रही है। टिकट खिड़की पर पिछले 2 दिन से फिल्म की दैनिक कमाई में गिरावट देखने को मिल रही है तो दुनियाभर में यह अब 300 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर चुकी है। आइए अब सलमान की उन फिल्मों के बारे में जानते हैं, जिन्होंने ये आंकड़ा पार किया।



# एक दिन दिव्यांका को मुझ पर बहुत गर्व होगा

लाइट्स, कैमरा और ढेर सारा एक्शन; पिछले वीकेंड सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविज़न पर एक शानदार भव्य प्रीमियर के बाद, झलक दिखला जा में सितारों को आपके टीवी स्क्रीन पर झूमते, चमकते, और छा जाते हुए देखा गया। इस वीकेंड



में, हमारे सेलेब्रिटीज़ पहली बार कुछ नया करने की कोशिश करेंगे और 'पहली बार' स्पेशल थीम वाले एपिसोड के साथ डांस की अनजानी दुनिया में कदम रखेंगे, जिसमें उन्हें पहली बार जजों की स्नरू तिकड़ी- फराह खान, अरशद वारसी और मलायका अरोड़ा द्वारा स्कोर किया जाएगा। शानदार परफॉर्मेंस के बीच, शाम का मुख्य आकर्षण विवेक दहिया का लोकप्रिय ट्रैक हर किसी को नहीं मिलता पर अपनी प्रतिभाशाली कोरियोग्राफ़र लिप्सा आचार्य के साथ असाधारण पोल डांस एक्ट होगा। प्रतियोगिता में खराब शुरुआत के बाद, विवेक ने पहली बार पोल डांस में हाथ आज़माकर ज़ोरदार वापसी करते हुए सभी को हैरान कर दिया। उत्साह को बढ़ाते हुए, विवेक की पत्नी और टेलीविज़न सेंसेशन, दिव्यांका त्रिपाठी, अपने पति का समर्थन करने के लिए मंच की शोभा बढ़ाएंगी। अभिभूत दिव्यांका त्रिपाठी ने बताया, ÷विवेक को हमेशा से डांस का शौक रहा है, लेकिन उन्हें इसके लिए सही मंच नहीं मिला। मुझे लगता है कि झलक दिखला जा उनके लिए सही जगह है। और, जब हमने घर पर एपिसोड देखा, तो मैंने उन्हें बताया कि फीडबैक सही था, और उन्होंने इस पर काम करने की पूरी कोशिश की। विवेक के प्रदर्शन से प्रभावित होकर, जज अरशद वारसी कहेंगे, ÷विवेक, आपने मेरा दिल जीत लिया है। आपने जो एक्सप्रेशन दिए और आपने जिस तरह से अपनी परफॉर्मेंस का आनंद लिया, बॉडी लैंग्वेज, सब कुछ बिल्कुल सही था। मैं आपको सुशांत सिंह राजपूत के साथ अपने एक अनुभव के बारे में बताता हूं। आज आपने मुझे उनकी याद दिला दी। एक प्रतियोगिता थी जहां उन्होंने परफॉर्म किया था, और आपके पिछले परफॉर्मेंस की तरह, मैंने वह परफॉर्मेंस देखी थी और मुझे लगा था कि यह बिल्कुल भी अच्छा नहीं था। मैंने उनसे कहा कि मुझे यह पसंद नहीं आया। उन्होंने बहुत मेहनत की, बिल्कुल आपकी तरह, और उनका अगला परफॉर्मेंस शानदार था। और, आपने भी बिल्कुल यही किया। आपने बिल्कुल सही किया। मेरी राय में जीवन में दो चीजें हैं~ या तो आप जीतते हैं या आप सीखते हैं।

## अभिनेता सोराब बेदी का ड्रामेटिक ट्रांसफॉर्मेशन कर देगा आपको चकित

चकाचौंध और ग्लैमर की दुनिया में, जहां उपस्थिति सर्वोपरि है, टीवी अभिनेता सोराब बेदी अपने उल्लेखनीय शारीरिक परिवर्तन के माध्यम से प्रेरणा की किरण बन गए हैं। अभिनेता, जो स्क्रीन पर अपनी बहुमुखी प्रतिभा के लिए जाने जाते हैं,हाल ही में हम सोराब को कलर्स के शो चांद जलने लगा में देख रहे है और यह अभिनेता ने असाधारण रूप से दुबले होने से लेकर 8-



पैक एब्स होने पर अपनी परिवर्तन यात्रा से सभी को आश्चर्यचकित कर दिया है, जिसने न केवल लोगों का ध्यान आकर्षित किया है, बल्कि उनके लिए अंतरराष्ट्रीय मॉडलिंग परियोजनाओं के दरवाजे भी खोल दिए है। सोराब ने कहा, यात्रा चुनौतीपूर्ण थी, लेकिन परिवर्तन पसीने की हर बूंद के लायक था। यह सिर्फ सिक्स-पैक या आठ-पैक पाने के बारे में नहीं है। यह पता लगाने के बारे में है कि आपका शरीर क्या करने में सक्षम है और उन सीमाओं को आगे बढ़ाने के बारे में है। सोराब ने अपने आहार के बारे में खुलासा करते हुए बताया कि बदलाव रातोरात नहीं होते।

# भारत एक बार फिर विश्व मंच पर चमके ज्योति सक्सेना



हर एक भारतीय के तरह अभिनेत्री ज्योति सक्सेना ने अपनी बेहद खुशी और रोमांच व्यक्त किया है क्योंकि भारतीय क्रिकेट टीम की कड़ी मेहनत आखिरकार सफल हुई, क्योंकि टीम इंडिया आखिरकार वर्ल्ड कप के फाइनल्स में पहुंच गई है। कप 2023। अपनी आँखों में आत्मविश्वास की चमक के साथ, ज्योति भी बहुत आशावादी है कि यही वह क्षण हो सकता है जब भारत 12 वर्षों के इंतज़ार के बाद विश्व कप वापस घर लाएगा। भारतीय क्रिकेट टीम की फाइनल तक की यात्रा रोमांचक मैचों, शानदार प्रदर्शन से भरी एक रोलरकोस्टर सवारी से कम नहीं रही है। अभिनेत्री ज्योति सक्सेना क्रिकेट की शौकीन रही हैं, और अपने व्यस्त कार्यक्रम के बीच, वह विश्व कप मैचों पर करीब से नजर रख रही हैं और टीम की प्रगति और हर खिलाड़ी खुद को साबित कर रहे हैं, यह देख रही हैं। ज्योति को यकीन है कि यह साल हमारा है। ज्योति कहती हैं, ÷भारतीय क्रिकेट टीम को फाइनल में पहुंचते देखकर मुझे बहुत खुशी हो रही है। यह उनकी कड़ी मेहनत, समर्पण का प्रमाण है। उन्हें मैदान पर अपना दिल खोलकर खेलते देखना मेरे जैसे प्रशंसकों के लिए एक उत्साहजनक अनुभव रहा है। वहां कुछ ऐसे क्षण थे जब मुझे लगा कि हमने उम्मीद खो दी है, लेकिन जिस तरह से भारतीय टीम ने खुद को साबित किया है, वे सब खिलाडी सच सलूट डेसेर्वे करते है। जैसे ही वर्ल्ड को फाइनल नज़दीक आ रहा है, ज्योति सक्सेना अपनी दिली इच्छा व्यक्त करने से नहीं कतराती हैं। वह कहती हैं, ÷अब, पहले से कहीं अधिक, मुझे विश्वास हो गया है कि भारतीय टीम ने 12 साल बाद विश्व कप को भारत वापस लाने के लिए जो कुछ भी आवश्यक था वह हासिल कर लिया है। उनका प्रदर्शन शानदार रहा है, और मुझे उन पर पूरा भरोसा है कि वे फाइनल में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे। हमने पहले ही इस दौरान कई रिकॉर्ड बनाए हैं और अब मुझे पूरा यकीन है कि भारत के लिए एक बार फिर विश्व मंच पर चमकने और उस ट्रॉफी को घर वापस लाने का समय आ गया है। अपने फाइनल मैच देखने के प्लान पर कहती है ÷मेरे घर पर मने अपने सभी फ्रेंड्स और फॅमिली को बुलाया है हम सब एक सात मिलकर मैच देखेंगे। और हमेशा की तरह टीम को अपना पूरा दिल खोलकर उनका हौसला बढ़ाएंगे और उन्हें चीयर करेंगे। मैं भारत को एक बार फिर जादू करते देखने के लिए इंतजार नहीं कर सकती।

## कलर्स ने महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के साथ हाथ मिलाया

भारत की अग्रणी हिंदी जीईसी, कलर्स ने अपने नए फिक्शन शो डोरी को लॉन्च करके बालिका परित्याग के मुद्दे को संबोधित करने के लिए, आज महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' पहल के साथ अपने सहयोग की घोषणा की। टेलीविज़न ने एक माध्यम के रूप में समाज को आइना दिखाने में बहुत बड़ी भूमिका निभाई है और कई




महिलाओं को बदलाव का स्रोत बनने के लिए प्रेरित किया है। सामाजिक बदलाव लाने और बालिकाओं के प्रति लैंगिक पक्षपात को दूर करने के उद्देश्य से, इस सहयोग के माध्यम से कलर्स का उद्देश्य बालिका परित्याग की सामाजिक बुराई के बारे में जागरूकता फैलाना है। इस विषय पर एक प्राइमटाइम शो लॉन्च करने के अलावा, इस सहयोग के तहत, कलर्स देश भर में किसी भी परित्यक्त बालिका हेतु सहायता चाहने वालों के लिए 24 घंटे की आपातकालीन टोल फ्री चाइल्डलाइन इंडिया हेल्पलाइन नंबर (1098) का प्रचार करेगा। कलर्स पर हर सोमवार से शुक्रवार रात 9~00 बजे प्रसारित होने वाले शो 'डोरी' का उद्देश्य लोकप्रिय संवाद पैदा करना और इस तरह से बालिका परित्याग के मुद्दे पर जागरूकता फैलाना है।महिला एवं बाल विकास और अल्पसंख्यक कार्य मंत्री, माननीय श्रीमती स्मृति ईरानी कहती हैं।

## दिवाली पर सोनी सब के कलाकारों के विचार


रोशनी का त्योहार दिवाली अंधेरे पर प्रकाश, बुराई पर अच्छाई और अज्ञानता पर ज्ञान की विजय को दर्शाता है। इस दिन, देश भर में लोग अपने घरों को रोशनी और दीयों से सजाते हैं, रंगोली बनाते हैं और उपहार लेते-देते हैं। सोनी सब के शो के लोकप्रिय कलाकारों ने अपने दिवाली समारोह, सेट पर अनुभवों और बहुत कुछ के बारे में खुलकर बात की।



सोनी सब के वंशज में युविका महाजन की भूमिका निभाने वाली, अंजलि तत्रारी ने कहा, पूरे साल, मैं दिवाली का इंतज़ार करती हूं क्योंकि यह मेरी बेहद पसंदीदा परंपरा है। मैं अपने घर की सफाई करने से लेकर कई प्रकार की स्वादिष्ट भारतीय मिठाइयों का आनंद लेने तक, सदियों पुराने रीति-रिवाजों में पूरे दिल से हिस्सा लेती हूं। मैं अपनी फेयरी लाइट्स निकालती हूं और उनसे अपने घर को सजाने का आनंद लेती हूं। दिवाली के दौरान जिन चीजों का मैं बेसब्री से इंतज़ार करती हूं उनमें रंगोली बनाना और अपने दोस्तों और मेरे जारी शो वंशज के कलाकारों के साथ कार्ड पार्टी करना शामिल है।



सोनी सब के पुष्पा इम्पॉसिबल में, पुष्पा की भूमिका निभाने वाली करुणा पांडे ने कहा, ÷दिवाली हमेशा मेरे दिल के करीब रही है, और रोशनी के प्रति मेरा प्यार असीम है। बचपन में, मेरे लिए यह त्यौहार स्वादिष्ट व्यंजनों का पर्याय था। हम घर में बनी मिठाइयों और तले हुए भोजन का बेसब्री से इंतज़ार करते थे, जो मेरी मां दिवाली के लिए बनाती थी। आज भी, मैं मिठाइयों का विरोध नहीं कर पाती, वे मुझे मेरी प्यारी दिवाली की मीठी यादों को ताज़ा कर देती हैं। पुष्पा इम्पॉसिबल में, पुष्पा का किरदार निभाना मुझे बचपन में अपने पूरे परिवार के साथ मनाई गई दिवाली की याद दिलाता है और मुझे जीवन में और अधिक हासिल करने की प्रेरणा देता है।



सोनी सब के वंशज में, भानुप्रताप महाजन की भूमिका निभाने वाले पुनीत इस्सर ने कहा, ÷रोशनी का त्योहार दिवाली एक ऐसा समय है जिसका मैं हर साल बेसब्री से इंतज़ार करता हूं। यह हमारे घर और जीवन को खुशहाल रोशनी से भर देता है। जबकि मैं अक्सर उन प्यारी यादों में उत्सुकता से खो जाता हूं, भारत में दिवाली का जीवंत उत्सव खुशी को नए स्तर पर ले जाता है। वंशज में मेरी भूमिका की तरह, जहां मैं अपने व्यावसायिक साम्राज्य की रक्षा करने और सही उत्तराधिकारी चुनने वाले महत्वपूर्ण व्यक्ति का किरदार निभाता हूं, दिवाली मुझमें आशा, प्रकाश और जिम्मेदारी की मजबूत भावना पैदा करती है।



सोनी सब के पश्मीना में राघव की भूमिका निभाने वाले निशांत मलकानी ने कहा, कश्मीर के खूबसूरत परिदृश्य में दिवाली मनाने का विचार मेरे लिए एक दूर का सपना था। दुबई में पैदा होने के बाद, मेरी दिवाली की यादें कोलकाता में काली पूजा की परंपराओं में डूबी हुई थीं। हालांकि, इस साल किस्मत ने मुझे सुखद सरप्राइज़ दिया है क्योंकि इस साल मैं कश्मीर में हूं। इस शूट ने मुझे इस जगह में अद्भुत दिवाली समारोहों का पूरा आनंद लेने, परंपराओं और संस्कृति का मिश्रण करने, और अपने पश्मीना परिवार के साथ खुशियां साझा करने का मौका दिया है। मैं सभी पारंपरिक समारोहों में डूब रहा हूं और इसका पूरा आनंद उठा रहा हूं।



सोनी सब के वंशज में दिग्विजय की भूमिका निभाने वाले माहिर पांधी ने कहा, ÷दीवाली की तरह, जो प्रकाश और अंधेरे के बीच सामंजस्य के महत्व को दर्शाती है, मेरा किरदार मानव स्वभाव के भीतर की जटिलताओं की याद दिलाता है। यह त्योहार दर्शाता है कि हमारा व्यक्तित्व वास्तव में विपरीत तत्वों की परस्पर क्रिया से परिभाषित होता है। मैं फिटनेस फ्रीक हूं लेकिन दिवाली के दौरान, मैं अपनी झिझक को दूर कर मिठाइयों का लुत्फ उठाता हूं। मैं दिवाली मनाने और खाने की विभिन्न चीजों का लुत्फ़ उठाने के लिए उत्सुक हूं।

सोनी सब के पश्मिन्ना - धागे मोहब्बत के में प्रीति सूरी का किरदार निभाने वाली गौरी प्रधान ने कहा, ÷मेरे लिए, दिवाली हमेशा एकजुटता का त्योहार रहा है। यह ऐसा समय है जब हम परिवार के रूप में साथ आते हैं, अपने घरों को दीयों से रोशन करते हैं, और सबसे अच्छी यादें बनाते हैं। हालांकि मुझे कश्मीर में मौजूद अपने पश्मीना परिवार की याद आएगी, लेकिन अपने परिवार के साथ दिवाली मनाने के लिए, मुंबई में घर वापस आकर बहुत अच्छा लग रहा है। मुझे उम्मीद है कि यह त्योहार सभी के लिए सौहार्द और खुशियां लेकर आएगा।

# एक छत के नीचे एक दिन

सोनी सब के शो वागले की दुनिया में वागले परिवार को 24 घंटे के ट्रायल का सामना करना पड़ेगा

सोनी सब का दिल छू लेने वाला शो, 'वागले की दुनिया - नई पीढ़ी नए किस्से' एक मध्यम वर्गीय परिवार के जीवन को प्रदर्शित करता है, और उनके सामने आने वाली रोज़मर्रा की चुनौतियों पर प्रकाश डालता है। हाल के एपिसोड्स में, वागले परिवार की अच्छी किस्मत का सिलसिला जारी है। केबीसी में अपनी प्रतिष्ठित उपस्थिति के बाद, वागले परिवार को एक बड़ी खुशखबरी मिली है क्योंकि परिवार को सरकार से 5 करोड़ रुपये की राशि मिलने वाली है, जिससे सभी सातवें आसमान पर हैं।



आगामी एपिसोड्स में, दर्शक इस खबर पर परिवार के सदस्यों को खुशी मनाते और पैसे खर्च करने के तरीके पर चर्चा करते हुए देखेंगे। चूंकि हर किसी के इस बारे में अलग विचार हैं, जिससे क्लासिक वागले गड़बड़ सामने आती है। इन सबके बीच, राधिका (भारती अचरेकर) यह इच्छा व्यक्त करती है कि उनके परिवार को साथ मिलकर इस पैसे का उपयोग एक बड़े घर में मूव करने के लिए करना चाहिए। प्रायोगिक तौर पर, परिवार एक ही छत के नीचे 24 घंटे रहने के लिए सहमत होता है। अब यह जानना दिलचस्प होगा कि वागले परिवार अपनी योजनाओं के साथ कैसे आगे बढ़ता है और वे अपनी नई दौलत को किस पर खर्च करने का निर्णय लेते हैं।

क्या वागले परिवार के लिए सब कुछ अच्छे से संपन्न हो जाएगा, या अंत में उनके हाथ कुछ नहीं लगेगा? राधिका वागले की भूमिका निभा रही, भारती अचरेकर ने कहा, ÷मेरे किरदार राधिका ने हमेशा से ही एक साथ रहने वाले परिवार की अवधारणा का सपना देखा है। यहां तक कि मेरे निजी जीवन में भी, मेरा मानना है कि अपने परिवार को एक छत के नीचे रखना अद्भुत है क्योंकि इसमें अनोखा सौहार्द है। हालांकि, जैसा कि हम शो में देखते हैं, वागले परिवार को एहसास होता है कि यह संभवत~ उतना आसान नहीं हो जितना दिखता है, और क्या वे वाकई एक छत के नीचे साथ मिलकर रह सकते हैं, यह तय करने से पहले 24 घंटे एक ही छत के नीचे साथ रहने का प्रयास करने का निर्णय लेते हैं।

# आशुतोष कुलकर्णी निभाएंगे एण्डटीवी के शो 'अटल' में कृष्ण बिहारी वाजपेयी का किरदार

एण्डटीवी ने हाल ही में अपने नये शो 'अटल' के लॉन्च की घोषणा की, जिसमें स्वर्गीय प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी के बचपन के अनकहे किस्सों को दिखाया जाएगा। इसी के साथ शो में मुख्य किरदारों को निभाने वाले कलाकारों के नामों को लेकर चर्चा जोरों पर है। हालिया घटनाक्रम में, जाने-माने मराठी एक्टर आशुतोष कुलकर्णी को बाल अटल के पिता कृष्ण बिहारी वाजपेयी की भूमिका निभाने के लिये चुना गया है। यूफोरिया प्रोडक्शंस द्वारा निर्मित इस शो में एक ऐसा नेता के बचपन की झलक दिखाई जाएगी, जिन्होंने भारत का भविष्य गढ़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। भारत में ब्रिटिशराज की पृष्ठभूमि पर आधारित यह शो अटल बिहारी वाजपेयी के बचपन की कहानी लेकर आ रहा है। इसमें उन घटनाओं, मान्यताओं तथा चुनौतियों को दिखाया जायेगा, जिन्होंने उन्हें वह नेता बनाया, जिसे हम आज जानते हैं। आशुतोष कुलकर्णी ने अपने किरदार पर जानकारी देते हुए कहा, ''हमारा शो 'अटल अपने प्रीमियर से पहले ही सही कारणों से रोमांच पैदा कर चुका है। और मैं पर्दे पर अटल के पिता कृष्ण बिहारी वाजपेयी की महत्वपूर्ण



भूमिका निभाकर सम्मानित महसूस कर रहा हूँ। कृष्ण बिहारी वाजपेयी एक समर्पित शिक्षक एवं राष्ट्रवादी थे, जिन्होंने 1930 में चार बेटों और तीन बेटियों वाले एक ब्राह्मण परिवार का पालन-पोषण किया। उन्होंने भारत में पूरी ईमानदारी से ब्रिटिशराज का समर्थन किया और कोलोनियल सत्ता के साथ सहयोग तथा उसके प्रति आदर की वकालत की। अपने परिवार के लिये उनकी आकांक्षाएं शिक्षा पर आधारित थीं। उन्होंने अंग्रेजी में कुशलता, शैक्षणिक उपलब्धियों और सरकारी नौकरी पाने की कोशिश पर जोर दिया।''आशुतोष कुलकर्णी ने थियेटर और मराठी मनोरंजन उद्योग से अपना कॅरियर शुरू किया था और अब हिन्दी टेलीविजन में अपने सफर को लेकर रोमांचित हैं।

## भाबीजी घर पर हैं के कलाकार यात्रियों से सुरक्षा के नियमों का पालन करने का आग्रह कर रहे

हर साल नवंबर महीने में रोड सेफ्टी मंथ का आयोजन किया जाता है, जिसमें सड़क पर सुरक्षा के उपायों और नियमों को लेकर जागरूकता बढ़ाई जाती है। एण्डटीवी ने इसी साल मुंबई ट्रैफिक पुलिस के साथ सफल भागीदारी की थी और अब उत्तर प्रदेश पुलिस के साथ 1 नवंबर 2023 से शुरू इनके रोड सेफ्टी अवेयरनेस मंथ कैम्पेन के लिये भागीदारी की है। एण्डटीवी की बेहद लोकप्रिय और हमारी चहेती भाबियाँ अंगूरी (शुभांगी अत्रे) और अनीता (विदिशा श्रीवास्तव) और भैया



विभूति (आसिफ शेख) और मनमोहन तिवारी (रोहिताश्व गौड़) सड़क पर सुरक्षा के कई उपायों, जैसे कि हेलमेट पहनना, सीटबेल्ट लगाना, शराब पीकर ड्राइविंग नहीं करना, आदि पर जोर देंगे। इन मुख्य कलाकारों ने सार्वजनिक जागरूकता अभियान की शुरूआत की और अपने अनोखे अंदाज में उत्तर प्रदेश के लोगों से नियमों का पालन करने का आग्रह किया। सड़क सुरक्षा महीने के शुरू होते ही, डीजीपी यूपी पुलिस, श्री विजय कुमार ने राज्य के नेतृत्व द्वारा अपनी सोच को सबके साथ साझा किया। उन्होंने बताया कि सड़कों पर सुरक्षा बने बनाये नियमों से कहीं ज्यादा है; यह सरकार की ओर से अपने नागरिकों से किया गया वो वादा है जिसे सबको निभाना है।

## वंशज में आखिरी लड़ाई कौन जीतेगा

सोनी सब का 'वंशज' एक आकर्षक पारिवारिक ड्रामा है, जो महाजन परिवार के जटिल रिश्तों और सत्ता संघर्ष पर प्रकाश डालता है। हालिया एपिसोड्स में, युविका (अंजलि तत्रारी) अवनि डिसूजा (रूपरश्मि शर्मा) से मिलने और उसकी बेटी की कहानी के बारे में जानने के बाद आखिरकार शोभना (कविता कपूर) के छिपे राज़ को उजागर करती है। आगामी एपिसोड्स में, महाजन परिवार दशहरे के अवसर पर एक भव्य उत्सव की तैयारी करता है। इसी कार्यक्रम में युविका, हसीना (गुलकी जोशी), नील (मोहित कुमार) और ईशा (कंचन दुबे) के सहयोग से, जो अब सच्चाई जानते है, यह खुलासा करने का अपना मास्टर प्लान शुरू करती है कि परिवार का कौन सा सदस्य उस घोटाले में शामिल था, जिसके कारण युविका के पिता प्रेम (अक्षय आनंद द्वारा अभिनीत) महाजन परिवार को छोड़कर हृषिकेश चले गए थे। यह दशहरा का उत्सव अच्छे और बुरे के बीच के महासंघर्ष के लिए मंच तैयार करता है, जिसकी वज़ह से दर्शकों को युविका और शोभना के आमना-सामना होने की उम्मीद है। युविका का किरदार निभाने वाली अंजलि तत्रारी ने कहा, अब जबकि युविका के पास ठोस सबूत हैं, तो वह पूरी ताकत झोंकने और दोषियों को सज़ा दिलाने के लिए तैयार है।



## पश्मीना में सच्चे प्यार के जादू को फिर से खोजें

बहुत लंबे समय से मानवता के दिलों में प्रेम कहानियों की खास जगह रही है। सदियों से, जुनून, दिल के दर्द और दीर्घकालिक रिश्तों की कहानियां बुनी गई हैं। ये कहानियां गहरी मानवीय भावनाओं को पैदा करने के साथ ही, प्यार और रिश्तों की जटिल और खूबसूरत दुनिया की झलक पेश करती हैं। आज की तेज़-तर्रार, डिजिटल रूप से संचालित दुनिया में, प्रेम कहानियां काफी महत्वपूर्ण बनी हुई हैं, जो आधुनिक रोमांस के क्षणिक स्वभाव के प्रति संतुलन के रूप में कार्य करती हैं। ऐसे युग में, जहां डिजिटल कनेक्शन, त्वरित आनंद, और स्वाइप-राइट



रोमांस अक्सर दिल के गहरे और स्थायी कनेक्शन पर हावी हो जाते हैं, वहां प्रेम कहानियां और भी महत्वपूर्ण हो जाती हैं। ये याद दिलाते हैं कि प्यार मानव अनुभव का मूलभूत पहलू है, जो तकनीक और संस्कृति के बदलते ज्वार से परे है। प्रेम कहानियां केवल कुछ पल रहने वाले आकर्षण की कहानियां नहीं हैं, बल्कि किसी कसौटी की तरह काम करती हैं, जो हमें हमारी साझा मानवता से जोड़ती हैं और हमें मानवीय भावनाओं की जटिलताओं को समझने की अनुमति देती हैं।

## महेश ठाकुर को पिता जयदेव शर्मा की भूमिका निभाते देखा जाएगा

सोनी सब का आगामी शो 'आंगन - अपनों का' एक बेटी की प्यारी कहानी है, जो अपने पिता के प्रति अपने कर्तव्यों को हमेशा पूरा करने के लिए दृढ़ संकल्पित है। एक सामयिक पारिवारिक ड्रामा, यह शो शादी पर एक अनोखा दृष्टिकोण रखने वाली बेटी की दिल छू लेने वाली कहानी का भी वादा करता है। अनुभवी अभिनेता महेश ठाकुर ने स्नेही पिता जयदेव शर्मा का किरदार निभाया है। अपनी पत्नी के जल्दी गुज़र जाने के बाद, अकेले अपनी तीन बेटियों के पालन-पोषण का ज़िम्मा उठाने वाले जयदेव, आज भी जीवन के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण रखने वाला चरित्रवान व्यक्ति है।



एक पिता और उसकी बेटी पल्लवी (आयुषी खुराना द्वारा अभिनीत) के बीच के खूबसूरत रिश्ते को दर्शाते हुए, आंगन प्यार और ज़िम्मेदारी की दिल छू लेने वाली यात्रा का वादा करता है, जिसके साथ ही यह दर्शाता है कि कैसे पल्लवी शादी के प्रति एक अलग दृष्टिकोण का समर्थन करती है। जयदेव शर्मा का किरदार निभा रहे, महेश ठाकुर ने कहा, ÷एक कलाकार के रूप में, सोनी सब के साथ सहयोग करना सौभाग्य की बात है - एक चैनल जो प्रगतिशील विषयों के साथ अच्छे कॉन्टेंट बना रहा है। पहली बार जब मैंने आंगन अपनों का की स्क्रिप्ट पढ़ी, तो जयदेव के किरदार ने मुझे वास्तव में आकर्षित किया।

## नेहा जोशी निभायेंगी कृष्णा देवी वाजपेयी का किरदार

एण्डटीवी द्वारा अपने नये शो 'अटल' की घोषणा के बाद से ही इंडस्ट्री में इसके प्रमुख किरदारों को निभाने के लिये चुने जाने वाले कलाकारों को लेकर काफी अटकलें लगाई जा रही हैं। इस शो में स्वर्गीय प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी के बचपन के अनसुने पहलुओं को प्रदर्शित किया जायेगा। हाल ही में टेलीविजन की मशहूर अभिनेत्री नेहा जोशी को छोटे अटल की मां कृष्णा देवी वाजपेयी का किरदार निभाने के लिये चुना गया है। यूफोरिया प्रोडक्शन्स द्वारा निर्मित इस शो में अटल के एक लीडर के रूप में उभरने वाले सालों को गहराई से दिखाया जायेगा, जिन्होंने भारत की तकदीर लिखने में एक बेहद महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। भारत में ब्रिटिश शासन की पृष्ठभूमि पर आधारित इस शो में अटल बिहारी वाजपेयी के बचपन की कहानियां दिखाई जायेंगी और उन घटनाओं, मान्यताओं एवं चुनौतियों पर रौशनी डाली जायेगी, जिन्होंने उन्हें एक लीडर के रूप में गढ़ा। अपने किरदार के बारे में विस्तार से बताते हुये नेहा जोशी ने कहा, ''नन्हें अटल की मां कृष्णा देवी वाजपेयी की महत्वपूर्ण भूमिका को निभाने का मौका पाकर मैं कितना गौरवान्वित महसूस कर रही हूं, उसे शब्दों में बयां नहीं कर सकती। इतिहास और राजनीति कृष्णा देवी का पैशन है, लेकिन इसके बावजूद वह अपने पति वाजपेयी जी की एक समर्पित समर्थक भी बनीं।



## 'आंगन अपनों का' की घोषणा की

प्रभावशाली कहानियां और प्रासंगिक कॉन्टेंट प्रदर्शित करने के लिए मशहूर, सोनी सब अपने आगामी शो आंगन - अपनों का के साथ इस क्षेत्र में अग्रणी बना हुआ है। यह शो अपने पिता के प्रति महसूस किए जाने वाले एक बेटी के गहरे स्नेह और कर्तव्य की भावना पर केंद्रित है, और भावनात्मक संघर्ष को उजागर करते हुए यह सवाल उठाता है कि शादी के बाद अपने पिता को छोड़ने की क्या आवश्यकता है। उसका मानना है कि शादी के बाद एक नया परिवार आ जाने से, अपने पिता को प्राथमिकता देना बंद नहीं करना चाहिए। उसके विचार उन महिलाओं की दुविधा को दर्शाते हैं, जो एक नए परिवार के साथ नया जीवन शुरू करते हुए, अपने माता-पिता की देखभाल करने के बीच उलझी होती हैं। यह शो कुछ सामाजिक मानदंडों पर प्रासंगिक सवाल उठाता है, यह दावा करता है कि विवाह को लेकर अलग नज़रिया रखना स्वीकार्य है। 'आंगन - अपनों का' पल्लवी नाम की एक मजबूत और आत्मनिर्भर बेटी की शानदार कहानी बताता है, जिसका किरदार आयुषी खुराना ने निभाया है। पल्लवी को अपने पिता जयदेव (महेश ठाकुर) से बेहद स्नेह है। इस शो में नीता शेट्टी और अदिति राठौर सहित प्रभावशाली कास्ट भी शामिल है, और हर किसी ने कुशलतापूर्वक कहानी को आगे बढ़ाने वाली महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभाई हैं।



## इंडियन आइडल में साधना सरगम ने खुलासा किया कि उन्हें 'सरगम' उपनाम कैसे मिला

इस रविवार, सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविज़न का लोकप्रिय सिंगिंग रियलिटी शो, 'इंडियन आइडल सीज़न 14', प्रसिद्ध गायिकाओं - अनुराधा पौडवाल और साधना सरगम की उपस्थिति में '90 के दशक की रानियों' का जश्न मनाएगा।



90 के दशक की ये दिग्गज गायिकाएं जजों - कुमार सानू, श्रेया घोषाल और विशाल ददलानी के साथ शो की शोभा बढ़ाते हुए, प्रतियोगियों का मार्गदर्शन और समर्थन करेंगी। हर प्रदर्शन के साथ मानदंड बढ़ाने वाले, कोलकाता के शुभदीप दास, फिल्म 'दिल है कि मानता नहीं' और 'दामिनी' से क्रमश~ 'अदाएं भी हैं मोहब्बत भी है' और 'जब से तुमको देखा है सनम' को भावपूर्ण तरीके से गाएंगे। उनकी पूरी स्टाइल और प्रस्तुति से प्रभावित होकर, अनुराधा पौडवाल कहती हैं, ÷उस दौर में बने गाने बहुत मधुर थे। मुझे बहुत खुशी है कि यह पीढ़ी इस गीत को इतनी खूबसूरती और मधुरता से गा रही है। अनुराधा से सहमति जताते हुए साधना सरगम कहती हैं, ÷मुझे इस एक्ट में बहुत मज़ा आया, क्या आवाज़ है आपकी! मैं इंडियन आइडल पर प्रतिभाशाली गायकों की अगली पीढ़ी को देखकर खुद को भाग्यशाली महसूस करती हूं।÷ उन्होंने आगे बताया कि कैसे वह साधना गनेकर के नाम से जानी जाती थीं, लेकिन जब कल्याण जी - आनंद जी ने कहा कि उन्हें अपने नाम के साथ संगीत का स्पर्श रखना चाहिए, तो सरगम उपनाम जोड़ा गया और अब वह साधना सरगम के नाम से जानी जाती है। फिर वह शुभदीप से कहती हैं कि संगीत से उनके कनेक्शन को देखते हुए, उन्हें अपना नाम बदलकर 'सुरोदीप' करने पर विचार करना चाहिए।

## टेलीविजन सितारों ने बताये भाई दूज पर मिले यादगार उपहार!

भाई-बहन हमारे सबसे पहले साथी, भरोसेमंद राज़दार और सबसे बड़े रक्षक होते हैं। भाई-बहन के बीच का लगाव उनके सबसे ज्यादा पसंद किये जाने वाले जुड़ावों में से एक होता है और भाई दूज इसी बेहतरीन रिश्ते की याद दिलाता है। एण्डटीवी की कलाकार हिमानी शिवपुरी ('हप्पू की उलटन पलटन' की कटोरी अम्मा) और विदिशा श्रीवास्तव ('भाबीजी घर पर हैं' की अनीता भाबी) इस शुभ अवसर को लेकर अपना रोमांच व्यक्त कर रही हैं और भाई दूज पर मिल



चुके रोमांचक उपहारों को याद कर रही हैं। 'हप्पू की उलटन पलटन' में कटोरी अम्मा की भूमिका निभा रहीं हिमानी शिवपुरी ने बताया, ''मेरा मानना है कि यह त्यौहार भाई-बहन के रिश्ते को मजबूत करता है। मुझे भाई दूज पर अपने भाई के आने का बेसब्री से इंतजार है। मैं उसकी चहेती मिठाई, यानि सूजी की खीर बनाकर उसे चैंकाने को लेकर रोमांचित हूँ। इस खीर को बनाना एक परंपरा हो गया है और मिठाइयों के लिये हम दोनों का प्यार इसे ज्यादा मजेदार बनाता है। इतना ही नहीं, अपने प्यार के रूप में वह मुझे हर साल खूबसूरत साड़ियाँ या कुर्तियां उपहार में देता है। कुछ साल पहले भाई दूज के दिन उसने मुझे लाल रंग की एक आकर्षक बनारसी साड़ी दी थी, जो मैं हर बार उसके आने पर पहनती हूँ। मैं बेसब्री से इंतजार कर रही हूँ कि वह इस साल क्या लेकर आएगा। भाई दूज पर उसकी सोची-समझी कोशिशें हमेशा मेरे दिल को छू जाती हैं। मेरी प्रार्थना है कि हमारा रिश्ता खुशियों, आपसी समझ और असीम प्यार से भरा रहे।

## कलर्स के कलाकारों ने भाई-बहनों के साथ अपने रिश्ते के बारे में खुलकर बात की

कलर्स के शो 'परिणीति' में नीति की भूमिका निभा रहीं तन्वी डोगरा कहती हैं, ÷हर भाई दूज पर, मैं अपने भाई की आरती उतारती हूं। उत्सव का उसका पसंदीदा हिस्सा कपड़े, मिठाइयां और गैजेट्स जैसे उपहारों का आदान-प्रदान करना है। मैं यह सुनिश्चित करती हूं कि हर साल, मैं अपने भाई के लिए खाने की कुछ खास चीज बनाऊं। यह उसके लिए दावत होती है, जिसमें उसके सभी पसंदीदा व्यंजन होते हैं। मैं अपने भाई को हमेशा मेरे साथ रहने और बेहतर बनने हेतु मुझे प्रोत्साहित करने के लिए धन्यवाद देती हूं। मैं प्रार्थना करती हूं कि उसके सभी सपने सच हों। सभी को भाई दूज की शुभकामनाएं! कलर्स के 'नीरजा...एक नई पहचान' में नीरजा की भूमिका निभा रहीं आस्था शर्मा कहती हैं, ÷मेरे दिल में भाई दूज बहुत खास जगह है। हालांकि इस साल, मैं अपने परिवार के साथ भाई दूज नहीं मना पाऊंगी। लेकिन हर साल यह एक रिवाज की तरह है जहां मुझे अपने भाई के साथ मिठाइयां खाना और समय बिताना पसंद है। वह मेरा सबसे बड़े समर्थक और समीक्षक है। चिढ़ाने के बावजूद, मैं उसके बिना जीने की कल्पना भी नहीं कर सकती। हमारे रिश्ता में परिवार के कुछ सदस्यों की कुछ अजीब बातों का मज़ाक उड़ाना शामिल है। मैं भाई-बहन होने के खास जादू का एहसास करने वाले सभी लोगों को अपनी हार्दिक शुभकामनाएं देती हूं। हैप्पी भाई दूज!÷



## पश्मीना-धागे मोहब्बत के प्यार व नियति की एक बहुप्रतीक्षित कहानी

'पश्मीना - धागे मोहब्बत के' आखिरकार दर्शकों के टेलीविज़न स्क्रीन पर आ गई है, जिसके साथ आई है प्यार और नियति की एक बहुप्रतीक्षित कहानी। कश्मीर की घाटी की खूबसूरत पृष्ठभूमि पर सेट की गई, यह दिल को छू लेने वाली कहानी दर्शकों को इसकी सुंदरता में डुबो देती है। ईशा शर्मा और निशांत मलकानी ने क्रमश~ पश्मीना और राघव का किरदार शानदार ढंग से निभाया है। उन्होंने इन किरदारों में जान फूंक दी है, जो भले ही विविध पृष्ठभूमि से आते हों, लेकिन किस्मत उन्हें एक-दूसरे के सामने लाती है। शो की शुरुआती झलक में, पश्मीना की दुनिया में दर्शकों का स्वागत किया जाता है, जहां उनकी मुलाकात इस प्यारी लीडिंग जोड़ी से होती है। पश्मीना सूरी, एक चुलबुली लड़की जो दिल से रोमांटिक है, कश्मीर की लुभावनी दुनिया में रहती है, उसका दिल अपने सपनों के राजकुमार से मिलने की उम्मीद से भरा हुआ है। इसके बिल्कुल विपरीत, हम एक आत्मविश्वासी व्यवसायी राघव कौल से मिलते हैं, जिसकी प्यार में कोई दिलचस्पी नहीं है। वह अपने जीवन में आगे बढ़ते हुए कश्मीर पहुंचता है, किसी रोमांस की तलाश में नहीं, बल्कि एक होटल खोलने के उद्देश्य से, जहां किस्मत अप्रत्याशित रूप से उसे एक खूबसूरत टूर गाइड, पश्मीना से मिलाती है। जब वे एक-दूसरे से घुलते-मिलते हैं और उनकी आंखें टकराती हैं, तो कुछ दिलचस्प बातें सामने आती हैं और बहुत सारी अनकही भावनाएं पैदा होती हैं। पश्मीना अपने एक नियम पर कायम है कि, किसी पर्यटक के प्यार में कभी नहीं पड़ना, जिसके साथ आगामी एपिसोड्स एक लुभावनी प्रेम कहानी पेश करने का वादा करते हैं।



# अस्ताचलगामी सूर्य को छठव्रती आज देंगे अर्घ्य

## छठ पर्व पूरे भक्ति भाव के साथ मनाया जा रहा, छठ घाट की भव्य सजावट की गई



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 19 नवंबर।** सूर्योपासना का महापर्व छठ नगर में भक्तिभाव व श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है। डंकनी नदी घाट पर आज शाम छठव्रती महिलाओं द्वारा भगवान सूर्य देव को अर्घ्य दिया जाएगा। पर्व के मद्देनजर डंकनी नदी घाट की साफ सफाई कर टेंट लगाया गया है। घाट के तट पर बने चौरा मण्डप को पेंट कर सुंदर ढंग से सजाया गया है। इसी घाट पर पूजा अर्चना कर सूर्य देवता को आज शाम अर्घ्य दिया जाएगा। छठ पर्व को लेकर भोजपुरी-मैथिली समाज के लोगों में खासा उत्साह देखा जा रहा है।

कार्तिक शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि सूर्य षष्ठी के नाम से जाना जाता है। यह पर्व बिहार व उत्तरप्रदेश में मुख्य रूप से मनाया जाता है। वहां के लोगों के लिए छठ किसी महापर्व से कम नहीं होता। बदलते समय के साथ अन्य प्रदेशों में भी लोगों ने भगवान सूर्य के उपासना के इस पर्व की महत्ता को समझा और छठ पर्व पूरे विधि विधान से मनाना शुरू कर दिया। छठ पर्व पर व्रतधारी 36 घंटे का व्रत रखते हैं और वे पानी भी ग्रहण नहीं करते। यह पर्व सूर्य देवता की उपासना का पर्व है। छठ पर्व की कई मान्यताएं हैं महिलाएं ज्यादातर छठ पर्व पर व्रत रखती है और ऐसी मान्यता है कि व्रत रखने से महिलाओं को पुत्र रत्न की प्राप्ति होती है। पुत्र हमेशा स्वस्थ्य और निरोग रहते हैं और साथ ही घर परिवार में हमेशा सुख शांति एवं समृद्धि आती है। दीपावली से ठीक छठवें दिन मनाये जाने वाले छठ पर्व चार दिनों का होता है। नहाय खास के दूसरे दिन खरना से 36 घंटे का व्रत शुरू होता है। खरना के बाद व्रतधारी अगले दिन शाम को डूबते सूर्य को अर्घ्य और उसके अगले दिन सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य देते हैं। सूर्य षष्ठी के दिन महिलाएं निराहार व्रत रखकर भगवान सूर्य को अर्घ्य देकर पुत्र प्राप्ति की कामना करती है। व्रत का प्रथम दिन षंकष्ठी गणेश चतुर्थी के साथ प्रारंभ होता है। महिलाएं नदी में स्नान करने के उपरांत सात्विक भोजन ग्रहण करती है जिसमें चना दाल एवं लौकी का भोजन मुख्य है। पर्व का दूसरा दिन पंचमी को लोहंडा-खरना के नाम से जाना जाता है इस दिन महिलाएं प्रातः काल से निर्जला व्रत रहती है शाम के समय घर पर बनाई गई देबी पर सूर्य भगवान की पूजा अर्चना की जाती है। गुड के समिश्रण से खीर तैयार की जाती है जिसे सूर्य भगवान को अर्पित कर प्रसाद स्वरूप वितरित किया जाता है। व्रत का तीसरा दिन अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। यह सूर्य षष्ठी तिथि होती है। सूर्य षष्ठी पर व्रतधारी महिलाएं प्रातः काल से ही निर्जला व्रत रखकर संध्या में नदी अथवा तालाब के तट पर भगवान सूर्य देव को अर्घ्य दिया जाता है। आज छठ पर्व का तीसरा दिन है। नगर में छठ पर्व के अवसर पर डंकनी नदी घाट पर व्रतधारियों द्वारा सुंदर मंडप बनाया गया है। जहां छठव्रती आज शाम अस्तगलचामी सूर्य अर्थात अस्त होते सूर्यदेव को अर्घ्य देंगे और छठी मईया की पूजा करेंगे।

## भक्ति, अध्यात्म और आस्था का महापर्व है छठ







■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 19 नवंबर।** देश भर में सूर्य उपासना का पर्व छठ कार्तिक शुक्ल की षष्ठी तिथि को बड़े ही श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ मनाया जा रहा है। सूर्योपासना का यह अनुपम लोकपर्व मुख्य रूप से पूर्वी भारत के बिहार, झारखण्ड, पूर्वी उत्तर प्रदेश में मनाया जाता है। छठ पर्व वर्ष में दो बार चैत्र एवं कार्तिक मास में मनाया जाता है। चैत्र माह में मनाये जाने वाले छठ को चैती छठवा तथा कार्तिक माह में मनाए जाने वाले छठ पर्व को कार्तिक छठ के नाम से जाना जाता है। पारिवारिक सुख समृद्धि तथा मनोवांछित फल प्राप्ति के लिए मनाये जाने वाले सूर्योपासना के इस पर्व के प्रति लोगों की आस्था देश में लगातार बढ़ती ही जा रही है। इस पर्व की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि सदियों से गंगा नदी व अन्य सरोवरों में कतारबद्ध खड़े होकर सभी जाति व धर्मो के लोग अपने आराध्य देव सूर्य भगवान की आराधना करते हैं। यह पर्व बड़ा फलदायी होता है। इसे स्त्री व पुरूष दोनों समान रूप से मनाते हैं। इस पर्व के बारे में मान्यता यह भी है कि जिस स्त्री पुरूष ने इस पर्व को पूरी आस्था, भावना एवं धार्मिक रिति रिवाज के साथ किया उन्हें भगवान सूर्य ने शीघ्र ही मनवांछित फल प्रदान किया है। छठ व्रत मनाये जाने के पीछे वेद पुराणों में अनगिनत कहानियॉ प्रचलित है। भविष्यत पुराण के अनुसार इस व्रत को सबसे पहले नागकन्या ने किया था व इस नागकन्या से सुनकर सुकन्या ने च्यवन ऋषि के नेत्र को लौटाया था। एक कथा अनुसार जब पाण्डव अपना सारा राजपाठ जुए में हार गए तब द्रोपति ने छठ व्रत रखा तब उसकी मनोकामनाएं पूरी हुई। तथा पाण्डवों को राजपाठ वापस मिल गया। लोक परंपरा अनुसार सूर्य देव और छठी मईया का संबंध भाई बहन का है। लोकमात्र का षष्ठी की पहली पूजा सूर्य ने ही की थी। छठ पर्व की परंपरा में बहुत ही गहरा विज्ञान छिपा हुआ है।

प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी छठ पूजा दंतेवाड़ा जिले में धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। आज रविवार को षष्ठी तिथि को डंकनी नदी घाट पर सैकड़ों छठव्रती डूबते सूर्य देवता को अर्घ्य देंगे। पर्व को लेकर उत्तर भारतीयों में खासा उत्साह का वातावरण है। डंकनी नदी घाट की सफाई का कार्य पूर्ण हो चुका है। दीपावली के छठे दिन से शुरू होने वाला छठ पर्व चार दिनों तक चलता है। इन चारों दिन श्रद्धालु भगवान सूर्य की आराधना करके वर्षभर, स्वस्थ्य और निरोगी होने की कामना करते हैं। चार दिनों के इस पर्व के पहले दिन घर की साफ सफाई की जाती है। पहला दिन कार्तिक शुक्ल चतुर्थी नहाय खाय के रूप में मनाया जाता है। सबसे पहले घर की सफाई कर उसे पवित्र बना लिया जाता है। छठ व्रतधारी लगातार 3 दिनों का निर्जला व्रत रखते हैं और वे पानी भी ग्रहण नहीं करते। इस दौरान पूरे घर की स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाता है। छठव्रती स्नान कर पवित्र तरीके से बने शुद्ध शाकाहारी भोजन ग्रहण कर व्रत की शुरूआत करते हैं। घर के सभी सदस्य व्रती के भोजनोपरांत ही भोजन ग्रहण करते हैं। पहले दिन चतुर्थी तिथि को छठव्रती भोजन के रूप में कददू की सब्जी और चावल ग्रहण किया जाता है। दूसरे दिन कार्तिक शुक्ल पंचमी को व्रतधारी दिन भर का उपवास रखने के बाद शाम को भोजन ग्रहण करते हैं। इसे खरना कहा जाता है। खरना का प्रसाद लेने के लिए आसपास के सभी लोगों को निमंत्रित किया जाता है। प्रसाद के रूप में गन्ने के रस में बने हुए चावल की खीर के साथ दूध, चावल का पिटठा और घी चूपडी रोटी बनाई जाती है। इसमें नमक या चीनी का उपयोग नहीं किया जाता है। इस दौरान पूरे घर की स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाता है। तीसरे दिन कार्तिक शुक्ल षष्ठी को दिन में छठ प्रसाद बनाया जाता है। प्रसाद के रूप में ठेकुआ, जिसे कुछ क्षेत्रों में टिकरी भी कहते हैं, के अलावा चावल के लडडू, जिसे लड़ूआ भी कहा जाता है बनाते हैं। इसके अलावा चढावा के रूप लाया गया सांचा और फल भी छठ प्रसाद के रूप में शामिल होता है। शाम को पूरी तैयारी और व्यवस्था कर बांस की टोकरी में अर्घ्य का सूप सजाया जाता है और व्रति के साथ परिवार तथा पडोस के सारे लोग अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देने घाट की ओर चल पड़ते हैं। सभी छठव्रती एक नीयत तालाब या नदी किनारे इकटठा होकर सामूहिक रूप से अर्घ्य दान संपन्न करते हैं। सूर्य को जल और दूध का अर्घ्य दिया जाता है। तथा छठी मैया की प्रसाद भरे सूप से पूजा की जाती है। व्रतधारी महिला पुरूष नदी किनारे जाकर नदी से मिट्टी निकालकर छठ माता का चौरा बनाते हैं वहीं पर पूजा का सारा सामान रखकर नारियल चढ़ाते हैं और दीप जलाते हैं। उसके बाद टखने भर पानी में जाकर खड़े होते हैं और सूर्य देव की पूजा के लिए सूप में सारा सामान लेकर पानी से अर्घ्य देते हैं और पांच बार परिक्रमा करते हैं। सूर्यास्त होने के बाद सारा सामान लेकर साहर गाते हुए घर आ जाते हैं और देवकारी में रख देते हैं। रात को पूजा करते हैं। इस दौरान कुछ घंटे के लिए मेले का दृश्य बन जाता है। चौथे दिन कार्तिक शुक्ल सप्तमी की सुबह उदियमान सूर्य को अर्घ्य दिया जाता है व्रती वही पुनः इकटठा होते हैं। जहां उन्होने शाम को अर्घ्य दिया था। पुनः पिछले शाम की प्रक्रिया की पुनरावृत्ति होती है। अंत में व्रति कच्चे दूध का शरबत पीकर तथा थोडा प्रसाद खाकर व्रत का परायण करते हैं। इस प्रकार चार दिनों तक चलने वाला सूर्योपासना का महापर्व छठ संपन्न होता है।

# जंगल से भटककर शहर में घुसा हिरण

■ चार घंटे के बाद हिरण को वनकर्मियों ने सुरक्षित वापस जंगल में छोड़ा

■ पहले भी कई मतर्बा हिरणें जंगल से भटककर शहर में आ चुके हैं।



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 19 नवंबर।** बीती शाम जंगल से भटककर एक हिरण नगर के राधा कृष्ण मंदिर में जा घुसा। हिरण के मंदिर में घुसने की सूचना मंदिर के कर्मचारियों द्वारा वन विभाग को दी गई जिसके बाद वन अधिकारियों ने मौके पर पहुंच मंदिर परिसर के कंपाउंड को अपने घेरे में ले लिया। कई घंटे के इंतजार के बाद हिरण कंपाउण्ड से बाहर निकला और कुलांचे मारते हुए जंगल की ओर भाग खड़ा हुआ। इस दौरान हिरण की एक झलक पाने लोगों की राधा कृष्ण मंदिर के सामने भीड़ भी जुटी थी लेकिन वनकर्मियों ने लोगों को हिरण की सुरक्षा के दृष्टिकोण से लोगों को वहां से हटा दिया।

बुधवार शाम करीब 6 बजे एक बड़ा सा हिरण हाईस्कूल मैदान के उस पार सागौन के जंगल के भीतर से भटककर भागते भागते अस्पताल परिसर में बने मालती देवी सेवा-आश्रम व राधा कृष्ण मंदिर के कंपाउंड के भीतर घुस आया और आश्रम के बने कक्ष में जाकर एक कोने में दुबककर चुपचाप खड़ा हो गया। अचानक से हिरण को मंदिर के कंपाउण्ड परिसर के कमरे में घुसता देख वहां के कर्मचारी भी अचरज में पड़ गए। हिरण कंपाउंड के कमरे के भीतर जाकर एक कोने में खड़ा हो गया। कर्मचारियों ने फौरन हिरण के आने की सूचना सेवा आश्रम के संचालक ननकू साहू एवं वनकर्मियों को दी। जिसके फौरन बाद वन परिक्षेत्र अधिकारी आर आर मौर्य तथा डिप्टी रेंजर सोहनलाल वर्मा अपनी टीम के साथ राधा कृष्ण मंदिर स्थल पहुंचे और मौके की नजाकत को देखते हुए मंदिर के सभी लाईटों को बंद करवा दिया और परिसर के आसपास जमा हुए लोगों को वहां से हटाया। पूरे मंदिर परिसर की घेराबंदी कर करीब चार घंटे तक वनकर्मियों ने हिरण के बाहर आने का इंतजार किया जिसके बाद रात 10 बजे हिरण धीरे धीरे कदमों से कमरे से बाहर आया और कंपाउण्ड से बाहर निकलकर अस्पताल रोड को क्रॉस कर कुंलाचे मारते हुए तेजी से सागौन जंगल की ओर भाग निकला। हिरण के बाहर आने के दौरान उसे वहां मौजुद लोगों ने देखा और बताया कि हिरण काफी बड़ा एवं सुंदर था संभवतः वह मादा हिरण थी।

डिप्टी रेंजर सोहनलाल वर्मा ने बताया कि ऐसी संभावना है कि जंगल से भटककर शहर के सरहद पर पहुंचा हिरण को कुत्तों ने दौड़ाया होगा जिससे वह अपनी जान बचाने भागता हुआ मंदिर कंपाउण्ड के भीतर घुस आया हो। हिरण काफी डरा हुआ था। वैसे भी हिरणें काफी नाजुक होते हैं डर से उनकी धडकने तेज धडकने लगती है ऐसे में हिरण के सामने जाने से या उसे निकालने की कोशिश करने से डर से उसकी मौत भी हो सकती थी इसलिए हम लोगों ने सुझबूझ के साथ हिरण को उसकी मर्जी के हिसाब से ही बाहर निकालना उचित समझा। हिरण की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता थी। अस्पताल रोड को क्रास करते वक्त कोई भी वाहन सड़क पर न आए इसका भी हम लोगों ने बखूबी ध्यान रखा। चार घंटे का समय अवश्य लगा उसे बाहर आने में लेकिन इस बात का सुकून है कि हिरण सुरक्षित बाहर निकला और जंगल की ओर चला गया।

### जिला शिक्षा अधिकारी ने किया विभिन्न स्कूलों का औचक निरीक्षण

# अनुपस्थित शिक्षकों को शो-काज नोटिस



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर, 19 नवंबर।** जिला शिक्षा अधिकारी बीआर बघेल ने शनिवार 18 नवंबर को उसूर ब्लॉक के विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओ का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान अनाधिकृत रुप से अनुपस्थित शिक्षक-शिक्षिकाओं को शो-काज नोटिस जारी किया वहीं अनुपस्थित शिक्षकों पर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।निरीक्षण के दौरान शास.उ.मा.वि. मुरकीनार मे पदस्थ प्रभारी प्राचार्य सैय्यद मीर, व्याख्याता के.के झाड़ी, प्रतिभा रात्रे, कुमारी रेखा नेताम, स्वामी दास साहनी, शिक्षक एलबी कन्या आश्रम मुरकीनार मे पदस्थ शुभद्रा यालम शांति अंगमपल्ली, रजनी यालम, प्रा.शा. मुरकीनार के एम दीप्ति प्रा.शा. धारावरम के अल्का खलखो सहित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय मे पदस्थ शकुंतला राठौर अनुपस्थित पायी गई।

अनुपस्थित शिक्षकों के अलावा रेसीडेंशियल स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति कम होने पर मुरकीनार, आवापल्ली एवं दुगईगुड़ा के प्रभारी अधीक्षकों को भी शो काज नोटिस जारी किया गया।निरीक्षण के दौरान एडीपीओ एम व्ही राव एवं एपीसी श्रीनिवास एटला उपस्थित थे।

### विधि-विधान से की गई भगवान धन्वंतरी देव की पूजा

# आयुर्वेद विभाग के आयूष पॉलिक्लिनिक में मनाया गया धन्वंतरी दिवस

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 19 नवंबर।** शुक्रवार को धनतेरस के अवसर पर दंतेवाड़ा के आयुर्वेद विभाग के आयूष पॉलिक्लिनिक में हर्षोल्लास के साथ भगवान धन्वंतरी देव की पूजा अर्चना किया गया। पूजा अर्चना पश्चात उपस्थितजनों को प्रसाद वितरण किया गया।

पांच दिवसीय दीपावली त्योहार की शुरूआत धनतेरस के साथ ही हो जाता है। धनतेरस के दिन ही भगवान धनवंतरी ने अवतार लिया था। हिन्दु धर्म में भगवान धनवंतरी देव को विष्णु का अवतार माना गया है। ऐसी मान्यता है कि इस दिन आयुर्वेद के जनक भगवान धनवंतरी देव की पूजा अर्चना करने से दीर्घ जीवन व आरोग्य का वरदान प्राप्त होता है। हर वर्ष की तरह इस बार भी धनतेरस के अवसर पर नगर के आयूष पॉलिक्लिनिक अर्थात आयुर्वेद अस्पताल में धनवंतरी दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। सुबह 11 बजे जिला आयुर्वेद अधिकारी रामेश्वरी पैकरा एवं आयुष पॉलिक्लिनिक प्रभारी डॉ0 यू एल टंडन द्वारा आयूष पॉलिक्लिनिक के हॉल में धनवंतरी देव की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप धूप जलाकर पूजा अर्चना किया गया। इस मौके पर आयुष पॉलिक्लिनिक प्रभारी डॉ0 टंडन ने कहा कि आयुर्वेद चिकित्सा सबसे पुरानी चिकित्सा पद्धति है। आयुर्वेद चिकित्सा की खोज हमारे महर्षियों की देन है। आयुर्वेद का ही कमाल है कि पहले के लोग



100 साल से भी अधिक जीवन जिया करते थे। आज हम भौतिक सुख सुविधा एवं विज्ञान आधारित पैथी की ओर भाग रहे हैं इसलिए हमारे शरीर की मांसपेशियां, हडिडयां, सब कमजोर होती जा रही है। आयुर्वेद पद्धति से किया गया ईलाज हमेशा कारगर होता है और इसका कोई साईड इफेक्ट भी नहीं पड़ता। आज दुनिया आयुर्वेद का लोहा मान रही है लोग आयुर्वेद के प्रति जागरूक हुए हैं लोगों का रूझान भी आयुर्वेद की ओर बढा है। डॉ0 टंडन ने कहा कि सर्दी खांसी, बुखार जैसे दिक्कतों में हमेशा आयुर्वेद जडी बूटी निर्मित चूर्ण एवं काढ़ा का सेवन करना चाहिए इससे कफ जमता नहीं और सर्दी खांसी बिना परेशानी के ठीक भी हो जाता है। डॉक्टर टंडन ने कहा कि आज चर्म रोग से संबंधित व्यक्ति का ईलाज एलोपेथ में नहीं है जब तक दवाईयां खाते हैं तब तक ही ठीक रहता है जैसे ही दवाईयां छोड़ते हैं रोग और तेजी से फैलने लगता है लेकिन आयुर्वेद में इसका संपूर्ण चिकित्सा मौजुद है और चर्म रोग जैसे जटिल रोगों का सफल चिकित्सा भी आयुर्वेद से हमेशा के लिए खत्म किया जा सकता है ये आयुर्वेद की ताकत है। आयुर्वेद को अपनाईए और अपने जीवन को निरोगी व स्वस्थ्य बनाईए। धनवंतरी देव की पूजा अर्चना कार्यक्रम में आयुर्वेद विभाग के डॉ0 डाली ठाकुर, लिपिक गोविंद यादव, एस के दर्रो, सावित्री बघेल, हेमबती नेताम, सोनू मंडावी, राजंती हपका, सुषमा यादव, सागर यादव, कविता मलिक समेत अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

# तगड़ी सुरक्षा के बीच प्रत्याशियों का भाग्य स्ट्रांग रूम में कैद

## अब 3 दिसंबर को खुलेंगी ईवीएम

**बिलासपुर, 18 नवंबर।** विधानसभा चुनाव के प्रत्याशियों का भाग्य स्ट्रांग रूम में कैद हो गया है। कोनी स्थित गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कॉलेज में निर्मित स्ट्रांग रूम में ईवीएम मशीनें सुरक्षित रखकर रूम को सील कर दिया गया है। कलेक्टर अवनीश शरण व एसपी संतोष सिंह द्वारा चुनाव आयोग के प्रेक्षक, प्रत्याशियों और राजनीतिक दल के पदाधिकारियों की मौजूदगी में सीलिंग की कार्रवाई पूर्ण की गई।

बीएसएफके जवानों की एक कंपनी दिन रात स्ट्रांग रूम एवं परिसर की सुरक्षा में तैनात की गई है। सीलिंग पूर्ण होने के बाद पूरा परिसर बीएसएफ के आर्म्ड जवानों ने अपने कब्जे में ले लिया है। मतगणना के दिन ही 3 दिसंबर को ये स्ट्रांग रूम खोली जाएगी। परिसर में पहुंचने के लिए तीन लेयर की सुरक्षा व्यवस्था चेकिंग रखी गई है। राजनीतिक दल व प्रत्याशी भी स्ट्रांग रूम की निगरानी के लिए अपना प्रतिनिधि नियुक्त कर सकते है।

रिटर्निंग अफसर द्वारा उन्हें फोटोयुक्त पास जारी किया जाएगा। लेकिन ये अपने पास लैपटॉप अथवा वाइफाई युक्त कोई डिवाइसेज नहीं रख पाएंगे। परिसर में हर तरह के गतिविधियों की रिकॉर्डिंग के लिए दर्जनों सीसीटीवी कैमरे फिट किए गए हैं। कुल मिलाकर इतनी तगड़ी सुरक्षा इंतजाम है कि परिंदा भी पर नहीं मार पायेगा।

## एक नजर

### रायगढ़ में मतदाताओं ने की बंपर वोटिंग

**रायगढ़, 19 नवम्बर।** 17 नवंबर को रायगढ़ जिले में हुए वोटिंग में मतदाताओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। रायगढ़ जिले की सभी विधानसभाओं में लोगों ने मतदान के प्रति जागरूकता और सजगता का परिचय देते हुए बंपर वोटिंग की। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय से प्रदेश के 90 विधानसभाओं के जारी आंकड़े के मुताबिक रायगढ़ जिले की तीन विधानसभाओं ने वोटिंग परसेंटेज के मामले में टॉप टेन में जगह बनाई है। जारी आंकड़ों के अनुसार जिले की खरसिया विधानसभा 86.67 प्रतिशत के साथ तीसरे स्थान पर रहा। वहीं धरमजयगढ़ 86 प्रतिशत के साथ पांचवें और लैलूंगा 85.52 प्रतिशत के साथ छठवें स्थान पर रहा। जिलों के आंकड़े देखें तो प्रदेश के 33 जिलों में रायगढ़ ओवर ऑल वोटिंग में दूसरे स्थान पर रहा। रायगढ़ जिले की चार विधानसभाओं को मिलाकर कुल 83.97 प्रतिशत वोटिंग परसेंटेज रहा। यह प्रदेश के औसत मतदान 76.31 प्रतिशत से 7.66 प्रतिशत अधिक है।

### एसईकेएमसी में नए चेहरों को मिलेगा मौका

**कोरबा, 19 नवंबर ।** एसईकेएमसी गेवरा में संगठन का विस्तार करने की तैयारी की जा रही है। सदस्य संख्या लगातार बढने से कार्यकारिणी का विस्तार किया जाएगा। नए चेहरों को संगठन में लिया जाएगा। गेवरा प्रोजेक्ट में छंदराम राठौर व जीवराखन चंद्रा के हाथ को मजबूत करने के लिए नई सूची बनाने के लिए कहा गया है। इसी तरह सीजीएम इकाई में हरनाम सिंह व दिलीप सिंह को मौका दिया गया है। यहां पर कार्यकारिणी विस्तार के साथ-साथ सूर्यकांत पाटले को भी मौका देने पर विचार किया जा रहा है। अध्यक्ष गोपाल यादव, महामंत्री डी.के.मिश्रा व कार्यवाहक अध्यक्ष विकास शुक्ला ने नई कार्यकारिणी बनाने के लिए शीघ्र ही एक बैठक बुलवाने वाले हैं।

### प्रेक्षक ने राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों की उपस्थिति में मतदान प्रपत्रों की संवीक्षा की

**कोरबा, 19 नवंबर ।** विधानसभा क्षेत्र क्रंमाक 21 कोरबा (अनुसूचित जनजाति) के सामान्य प्रेक्षक श्री प्रियतु मण्डल ने आज आईटी कॉलेज सभा कक्ष में राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों की उपस्थिति में मतदान के दौरान एएसडी मतदान संबंधी तथा विधानसभा के औसत प्रतिशत से अधिक मतदान वाले मतदान केन्द्रों के प्रपत्रों की संवीक्षा की। इसके बाद मतदान केन्द्रवार लिफाफे खोलकर प्रपत्रों की बारीकी से संवीक्षा की गई। संवीक्षा की निष्पक्षता के लिये संपूर्ण कार्यवाही की वीडियोग्राफी भी कराई गई।

प्रपत्रों की संवीक्षा के दौरान विभिन्न राजनीतिक दलों के पदाधिकारी, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सौरभ कुमार, रिटर्निंग ऑफिसर उपस्थित थे।

### कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने जताया आभार

**जांजगीर-चांपा, 19 नवंबर।** जिले में विधानसभा निर्वाचन 2023 के निर्विघ्न पूर्ण होने पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने लोकतंत्र के इस महा पर्व में बढ़-चढ़ कर भाग लेने के लिए मतदाताओं को धन्यवाद ज्ञापित किया। इसके साथ ही विधानसभा निर्वाचन 2023 को निर्विघ्न पूर्ण कराने में मतदान दल के सदस्यों अधिकारियों-कर्मचारियों, पुलिस सुरक्षा बलों के सदस्यों, एनएसएस, स्काउट गाईड, हसदेव के हीरो स्वीप की गतिविधियों से जुड़े स्वयं सेवकों सहित मीडिया के प्रतिनिधियों की महत्वपूर्ण भूमिका पर भी उन्होंने आभार ज्ञापित किया।

### तगड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच प्रत्याशियों का भाग्य स्ट्रांग रूम में कैद

**बिलासपुर, 19 नवंबर।** विधानसभा चुनाव के प्रत्याशियों का भाग्य स्ट्रांग रूम में कैद हो गया है। कोनी स्थित गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कॉलेज में निर्मित स्ट्रांग रूम में ईवीएम मशीनें सुरक्षित रखकर रूम को सील कर दिया गया है। कलेक्टर अवनीश शरण व एसपी संतोष सिंह द्वारा चुनाव आयोग के प्रेक्षक, प्रत्याशियों और राजनीतिक दल के पदाधिकारियों की मौजूदगी में सीलिंग की कार्रवाई पूर्ण की गई। बीएसएफ के जवानों की एक कंपनी दिन रात स्ट्रांग रूम एवं परिसर की सुरक्षा में तैनात की गई है। सीलिंग पूर्ण होने के बाद पूरा परिसर बीएसएफ के आर्म्ड जवानों ने अपने कब्जे में ले लिया है।

# प्रेक्षक,कलेक्टर एवं दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में स्ट्रांग रूम सील

**मतदान पश्चात देर रात तक चलता रहा मशीनों को जमा करने का सिलसिला, 3 दिसम्बर को होगी मतगणना**









■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 19 नवम्बर।** विधानसभा आम निर्वाचन-2023 के दूसरे चरण में 17 नवम्बर को जिले के 4 विधानसभाओं में मतदान प्रक्रिया संपन्न होने के पश्चात देर रात तक गढ़उमरिया स्थित केआईटी कालेज परिसर में ईवीएम, वीवीपैट मशीनों के जमा करने का सिलसिला चलता रहा। तत्पश्चात आज चारों विधानसभाओं के मशीनों को स्ट्रांग रूम में सील किया गया। इस अवसर पर सामान्य प्रेक्षक आईएएस डॉ.रूपांजलि कार्तिक, सामान्य प्रेक्षक आईएएस श्री ससीम कुमार बराई, सामान्य प्रेक्षक आईएएस श्री सी.एन.लोंगफाई, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कार्तिकेया गोयल, अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री राजीव कुमार पाण्डेय, समस्त रिटर्निंग ऑफिसर सहित राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

उल्लेखनीय है कि जिले के चारों विधानसभा क्षेत्र लैलूंगा, रायगढ़, खरसिया एवं धरमजयगढ़ के लिए विधानसभा वार ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों के लिए गढ़उमरिया स्थित केआईटी कालेज रायगढ़ में स्ट्रांग रूम बनाए गए हैं। वहीं स्ट्रांग रूम की चौबीस घंटे सुरक्षा के लिए सीआरपीएफ के जवान तैनात किए गए है। सभी विधानसभा क्षेत्र के स्ट्रांग रूम सुरक्षा हेतु दरवाजे पर सुरक्षा बल के अलावा सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए है। सुरक्षा की मॉनिटरिंग हेतु कक्ष बनाए गए है। जहां से सभी स्ट्रांग रूम की निगरानी की जा रही है।

**3 दिसम्बर को होगी मतगणना :** विधानसभा आम निर्वाचन-2023 अंतर्गत 17 नवम्बर को हुए मतदान के पश्चात सभी ईवीएम मशीनों को स्ट्रांग रूम में सील कर दिया गया है। जो आगामी 3 दिसम्बर को चारों विधानसभाओं के लिए मतगणना की जाएगी।

# ओडिशा से धान आवक रोकने ज्यादातर चेक पोस्ट से कर्मी नदारद

**गरियाबंद, 19 नवंबर ।** सरकारी धान खरीदी शुरु हुए एक माह बीतने को है और केन्द्रों में आवक शुरु हो गई है।लेकिन खरीदी केन्द्रों में निगरानी के लिए देवभोग क्षेत्र में अब तक कोई निगरानी दल गठित नहीं किया है। इसके चलते सीमा के गांव और केन्द्रों में ओडिशा का धान बेखौफ पहुंच रहा है वहीं गड़बडियां भी शुरु हो गई है।बावजूद इसके जिले में निगरानी के लिए कोई मॉनीटरिंग टीम का गठन नहीं किया है। हालांकि बैंक अधिकारी लगातार निरीक्षण करने का दावा करते औपचारिकता भर निभाते नजर आ रहे हैं।इसके चलते ओडिशा सीमा से लगे केन्द्र और गांवों में बड़ी मात्रा में धान डंप हो रहे हैं वहीं खरीदी के दौरान गड़बडियां की खबरें भी आ रही है।ज्ञात को की 17नवंबर को होने वाले चुनाव को सफल और शांति पूर्ण निपटाने प्रशासन पूरी ताकत झोंक दिये रहे ।यही वजह है की ओडिसा सीमा पर धान की तस्करी रोकने लगाए गए ज्यादातर चेक पोस्ट खुला छोड़ दिए गए थे।जिन पंचायत कर्मियो को देख रेख की जवाबदारी मिली भी है उनसे कारोबारियों की सीधी साठ गांठ की सम्भावना रही।अफसरों को रिपोर्टिंग कर ड्यूटी में तैनाती दिखाते हैं पर पोस्ट में नदारद रहते है।चुनाव पूर्व शाम 4 बजे से 8 बजे के बीच चेकपोस्ट मगरोड़ा,उरमाल,चिचिया छैल डोंगरी और बीरीघाट तक पंहुचे।ये तीनो चेक पोस्ट पर पडने वाले रास्ते ओडिसा नवरंगपुर जिले के चंदाहांडी ब्लॉक को जोड़ती है।तीनो का बेरियर खुला मिला।शाम 5 से 6 बजे के बीच इस रास्ते से ओडिसा पासिंग कई धान से लोड पिकअप पार होता दिखा।रात 10 बजे से 2 बजे के बीच बिरीघाट पोस्ट से पिकअप के अलवा बड़ी ट्रक भी पार होते देखा गया।बाइक सवार कई संदेही मुह में कपड़ा बांधे आवाजाही करते दिखे।स्थानीय ग्रामीणों ने बताया की इस साल बीरीघाट नदी पर ओडिसा सरकार द्वारा पुल बना दिया गया है।रात भर भारी वाहनों की आवाजाही होती है।प्रत्यक्ष दर्शियों के मुताबिक इसमें बड़ी ट्रक भी होते हैं। खलिहानों से खरीदी होती है- मगररोड़ा चेक पोस्ट पार कर जब हम ओडिसा पहुंचे तो वहा उरमाल चेक पोस्ट मार्ग को जोडने वाले मोहरा घाट के नजदीक एक खलिहान में धान की तौल हो रही थी।खलिहान के नजदीक सीजी पासिंग एक आइचर खड़ी मिली।जो आसपास इलाके में धान लोड कर रहा था।पड़ताल में पता चला की उरमाल में एक कारोबारी ओडिसा से खरीदी करता है।जबकि अमलीपदर में ओडिसा का एक नामी कारोबारी रोजाना ट्रके भर कर धान स्थानीय कारोबारी को सप्लाई कर रहा है।बिरिघाट चेक पोस्ट में 4 ट्रको के सहारे धान की तस्करी हो रही है।एक अनुमान के मुताबिक पिछले 20 दिनो में 60 से ज्यादा खेप ट्रक से और इससे ज्यादा खेप पिकअप से ओडिसा का धान इन इलाकों में पहुंच गया है।आधा से ज्यादा धान किसानों के घर पर डंप हो चुका है तो 40 फीसदी धान तस्करी से जुड़े कारोबारियों के अलग अलग ठिकानों में डंप पड़ा है। घर पहुंच सेवा 2हजार में-ओडिसा में 1700 रुपए प्रति क्वी के दर से धान को खरीदी हो रही है।

# मतदान के बाद दलों की सकुशल वापसी पर प्रशासन ने गुलाब फूल देकर किया स्वागत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**महासमुंद 19 नवंबर।** महासमुन्द जिले में 17 नवम्बर को हुए मतदान के पश्चात मतदान दलों की वापसी के दौरान पहला दल रात्रि 9 बजे खल्लारी विधानसभा अंतर्गत मतदान केंद्र धरमपुर, छिदौला, अमेठी सहित अन्य मतदान दल की सकुशल वापसी हुई। जिला प्रशासन द्वारा सफलतापूर्वक मतदान संपन्न कराने के लिए गुलाब फूल देकर मतदान दल का स्वागत किया गया। कलेक्टर श्री प्रभात मलिक ने सफलता पूर्वक निर्वाचन संपन्न कराने के लिए पूरी टीम को बधाई दी एवं गुलाब भेंट कर उनका स्वागत किया। जिला पंचायत सीईओ श्री एस. आलोक, उपजिला निर्वाचन अधिकारी श्री निर्भय साहू, खल्लारी के आर ओ सृष्टि चंद्राकर एवं निर्वाचन से जुड़े अधिकारियों ने भी गुलाब फूल देकर स्वागत किया।



ज्ञात है कि शुक्रवार को सुबह 8:00 से 5:00 बजे तक मतदान हुआ तत्पश्चात मतदान दलों की वापसी का सिलसिला प्रारंभ हुआ जो देर रात तक चला। जिला प्रशासन द्वारा सभी काउंटर्स में मतदान दल वापसी के लिए तैयारी की गई थी एवं सभी कर्मचारी तैनात कर दिए गए थे। मंडी परिसर में इसके लिए माकूल व्यवस्था की गई थी।

# ईवीएम स्ट्रांग रूम में की गई सील

**महासमुंद 19 नवम्बर।** विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत महासमुंद जिले में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री प्रभात मलिक के मार्गदर्शन में निर्वाचन कार्य शांतिपूर्ण एवं निर्विघ्न संपन्न हुआ। मतदाताओं में मतदान के लिए उल्लास एवं उत्साह देखा गया। शाम 05:00 बजे के पश्चात भी कई मतदान केन्द्रों में लोग कतार में खड़े होकर मतदान का इंतजार करते रहे। मतदान में महिलाओं ने पुरूषों के मुकाबले अधिक मतदान किया। मतदान की प्रक्रिया पूर्ण करने के पश्चात मतदान दलों की शुक्रवार देर रात सकुशल वापसी हो गई है। आज प्रेक्षक, राजनीतिक दलों की उपस्थिति में सभी मशीनों को विधानसभावार स्ट्रांग रूम में सील किया गया। यहां सुरक्षा के कड़े इंतजाम है। मतगणना रविवार 3 दिसंबर 2023 को सुबह 8 बजे से पिटियाझर कृषि उपज मंडी परिसर में किया जाएगा।

जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार जिले में कुल 81.52 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मत का उपयोग किया। जिसमें विधानसभा क्षेत्र महासमुंद-42 अंतर्गत कुल 2,08,697 मतदाताओं में से 80 हजार 526 पुरुष मतदाताओं तथा 82 हजार 913 महिला मतदाताओं ने मतदान किया। दो थर्ड जेंडर के मतदाताओं ने भी मतदान किया। इस तरह कुल 1,63,441 मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया। मतदान का कुल प्रतिशत 78.31 रहा। जिसमें महिलाओं का 77.72 प्रतिशत एवं पुरुषों का 78.94 प्रतिशत मतदान रहा।

विधानसभा क्षेत्र खल्लारी-41 अंतर्गत कुल 2,17,323 मतदाताओं में से 88 हजार 387 पुरुष मतदाताओं तथा 90 हजार 659 महिला मतदाताओं ने वोट किया। एक थर्ड जेंडर मतदाता ने अपने मत का प्रयोग किया। इस तरह कुल 1,79,047 मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया। मतदान का प्रतिशत 82.39 रहा। जिसमें महिलाओं का 82.09 प्रतिशत एवं पुरुषों का 82.7 प्रतिशत मतदान रहा।


विधानसभा क्षेत्र बसना-40 अंतर्गत कुल 2,24,450 मतदाताओं में से 92 हजार 652 पुरुष मतदाताओं तथा 95 हजार 139 महिला मतदाताओं सहित एक थर्ड जेंडर ने भी मतदान किया। इस तरह कुल 1,87,792 मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया। मतदान का प्रतिशत 83.67 रहा। जिसमें महिलाओं का 83.51 प्रतिशत तथा पुरुषों का 83.83 प्रतिशत मतदान रहा।

सरायपाली-39 अंतर्गत कुल 2,05,033 मतदाताओं में से 83 हजार 561 पुरुष मतदाताओं तथा 83 हजार 976 महिला मतदाताओं ने मतदान किया। इस तरह कुल 1,67,537 मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया।

**83.97 रहा जिले का मतदान प्रतिशत**

# जिले में शांतिपूर्ण मतदान संपन्न,लोगों में दिखा दिन भर भारी उत्साह

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रायगढ़, 19 नवम्बर।** विधानसभा आम निर्वाचन-2023 के अंतर्गत आज जिले के सभी 4 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान शांतिपूर्ण सम्पन्न हुआ। मतदान समाप्ति के पश्चात कुल 83.97 रहा जिले का मतदान प्रतिशत। मतदान के प्रति शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों का भारी उत्साह देखा गया। वे स्वस्फुर्त मतदान हेतु मतदान केन्द्रों में पहुंचे एक ओर जहां नये युवा मतदाताओं में मतदान के प्रति ललक थी, वहीं वृद्धजन एवं महिलाएं भी पीछे नहीं थीं। शहरी क्षेत्रों के मतदान केन्द्रों में सुरक्षा का व्यापक प्रबंध किया गया था। पुलिस अधिकारी, फोर्स लगातार गश्त कर रहे थे। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में भी मतदान दलों को पुलिस प्रशासन द्वारा बेहतर सुरक्षा मुहैय्या कराई गई थी। जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक-15 लैलूंगा में मतदान 85.52 प्रतिशत रहा। इसी तरह विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-16 रायगढ़ में मतदान 78.78 प्रतिशत, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-18 खरसिया में मतदान 86.67 प्रतिशत एवं विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक-19 धरमजयगढ़ में मतदान 86.00 प्रतिशत रहा। इस तरह पूरे जिले के चारों विधान सभा में 83.97 प्रतिशत मतदान रहा। विधानसभा आम निर्वाचन-2023 अंतर्गत रायगढ़ जिले के चारों विधानसभाओं में 7 लाख 47 हजार 252 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इनमें 3 लाख 70 हजार 843 पुरूष मतदाता, 3 लाख 76 हजार 397 महिला मतदाता एवं 12 थर्ड जेंडर शामिल हुए। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-15 लैलूंगा में 01 लाख 74 हजार 798 मतदाताओं ने मतदान किया। जिसमें 86 हजार 337 पुरूष एवं 88 हजार 461 महिला मतदाता शामिल थे। इसी तरह विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-16 रायगढ़ में 2 लाख 2 हजार 742 मतदाताओं ने मतदान किया। जिसमें 01 लाख 1 हजार 778 पुरूष, 01 लाख 956 महिला मतदाता एवं 8 थर्ड जेंडर शामिल थे। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-18 खरसिया में 1 लाख 86 हजार 764 मतदाताओं ने मतदान किया। जिसमें 93 हजार 270 पुरूष, 93 हजार 491 महिला मतदाता एवं 3 थर्ड जेंडर शामिल थे। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-19 धरमजयगढ़ में 1 लाख 82 हजार 948 मतदाताओं ने मतदान किया। जिसमें 89 हजार 458 पुरूष, 93 हजार 489 महिला मतदाता एवं 1 थर्ड जेंडर शामिल थे। विधानसभा आम निर्वाचन-2018 की बात करें तो उस समय जिले के चार विधानसभाओं में कुल 82.96 था मतदान प्रतिशत। जिसमें पुरूष मतदाता 82.84 प्रतिशत एवं महिला मतदाता 83.10 प्रतिशत था। जिसमें विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक-15 लैलूंगा में कुल 84.47 प्रतिशत, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक-16 रायगढ़ में 76.49 प्रतिशत, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक-18 खरसिया में 86.81 प्रतिशत तथा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक-19 धरमजयगढ़ में कुल 85.67 तथा मतदान प्रतिशत। इस लिहाज से 2023 में हुए विधानसभा आम निर्वाचन में मतदान में 1 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हुई है।

## समाचार संक्षेप

### कलेक्टर ने शांतिपूर्ण मतदान के लिए सबका आभार व्यक्त किया

**महासमुंद 19 नवम्बर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री प्रभात मलिक ने विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत जिले की चारों विधानसभाओं में शांतिपूर्ण एवं निर्विघ्न मतदान संपन्न होने पर मतदान कार्य संपादित एवं संपन्न कराने वाले सभी अधिकारियों-कर्मचारियों, सुरक्षाकर्मियों सहित जिले के मतदाताओं के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में मतदान कराने हेतु अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई थी, जिन्होंने पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ मतदान सुचारू ढंग से संपन्न कराने में अपने कर्तव्यों एवं दायित्वों का भली-भांति निर्वहन किया, वहीं सुरक्षा कर्मियों द्वारा भी सुरक्षा जिम्मेदारियों का बखूबी निर्वहन किया गया। जिले के नागरिकों ने पूरे सहयोग के साथ निर्वाचन व्यवस्थाओं को ध्यान में रखते हुए उत्साह के साथ मतदान में हिस्सा लेकर मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र में अपनी आस्था व्यक्त की। नए मतदाताओं ने भी पहली बार मताधिकार का प्रयोग करने में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, वहीं महिलाओं की सक्रिय सहभागिता रही। वरिष्ठ नागरिकों एवं दिव्यांगजनों ने भी मतदान किया।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने मीडिया प्रतिनिधियों के प्रति भी आभार व्यक्त किया, जिन्होंने सकारात्मक व सभी तरह के समाचारों का पर्याप्त कव्हरेज करते हुए सभी को अवगत कराया। स्काउट-गाइड, एनसीसी एवं एनएसएस के मतदाता मित्रों द्वारा मतदान के समय उपयोगी भूमिका निभाई गई, जो सराहनीय है। निर्वाचन के दौरान गठित सभी निगरानी दल व संलग्न सभी कर्मचारियों के पूर्ण समर्पण एवं कर्तव्यनिष्ठ होने के फलस्वरूप यह कार्य संपादित हुआ है, इसके लिए सभी बधाई के पात्र हैं। उन्होंने सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

### लावारिस में एक ट्राली बैग जब्त

**भिलाई 19 नवंबर।** दुर्ग रेलवे स्टेशन के माल धक्का पानी टंकी के पास से जीआरपी ने लावारिस हालत में एक ट्राली बैग जब्त किया। जीआरपी ने ट्राली बैग की तलाशी ली तो उसमें से 10 किलो गांजा मिला। जब्त गांजे की कीमत करीब दो लाख रुपये आंकी गई है जीआरपी ने अज्ञात आरोपित के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर उसकी तलाश शुरू की है जीआरपी ने रेलवे स्टेशन की तलाशी के दौरान दुर्ग रेलवे स्टेशन के माल धक्का पानी टंकी के पास से एक ट्राली बैग को लावारिस हालत में जब्त किया जीआरपी ने बैग की तलाशी ली तो उसमें गांजा भरा हुआ था। आशंका जताई जा रही है कि उक्त गांजे की खेप को ओडिशा से - दुर्ग लाई गई थी आरोपित का पता लगाने के लिए रेलवे स्टेशन पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज की जांच की जा रही है। हालांकि अब तक आरोपित के बारे में कोई जानकारी नहीं मिल सकी है बता दें कि जीआरपी ने हाल ही में गांजा तस्करी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की है कई आरोपितों को गांजे के साथ गिरफ्तार भी किया गया है साथ ही कई बार दुर्ग के साथ ही पावर हाउस और भिलाई-तीन रेलवे स्टेशन से लावारिस हालत में गांजा बरामद किया जा चुका है ओडिशा की ओर से आने वाली ट्रेनों में सबसे अधिक गांजा पकड़ा जा रहा है।

### ईव्हीएम को स्ट्रांग रूम में किया गया सील

**सूरजपुर, 19 नवंबर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के लिए जिले के तीनों विधानसभा के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक श्री रंजीत कुमार जे (आईएएस), कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल, रिटर्निंग अधिकारी, प्रत्याशी एवं उनके प्रतिनिधियों की उपस्थिति में प्रेमनगर(04), भटगांव(05) व प्रतापपुर(06) विधानसभा क्षेत्र के सभी मतदान केंद्रों में मतदान के लिए उपयोग में लाई गई ईव्हीएम मशीन को स्ट्रांग रूम में सीलिंग कर दिया गया है। इस पूरे प्रक्रिया की वीडियोग्राफ़ी भी कराई गई। सुरक्षा जवानो द्वारा स्ट्रांग रूम की निगरानी 24/7 रखी जायेगी। स्ट्रांग रूम की निगरानी के लिए सीसीटीवी स्थापित किये गये है।

### मतदान प्रक्रिया संपन्न कर वापस लौटे मतदान कर्मियों का किया गया स्वागत

**सूरजपुर, 19 नवंबर ।** जिले के तीनों विधानसभा प्रेमनगर (04), भटगांव (05) व प्रतापपुर (06) में 17 नवंबर को सफ्लतापूर्वक मतदान कर मतदान दल अपने-अपने चिन्हित मतदान केंद्र से मतदान सामग्री के साथ आईटीआई कॉलेज पर्री पहुंचा। सबसे पहले भटगांव और उसके बाद क्रमशः प्रेमनगर व प्रतापपुर के मतदान दल की वापसी हुई। इस अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल द्वारा मतदान दल के सभी कर्मियों का स्वागत किया गया। उन्होंने मतदान दल के सभी कर्मियों को सफ्लतापूर्वक मतदान की प्रक्रिया समापन करने पर उन्हें बधाई दी और उनकी प्रशंसा की। मतदान दल कर्मियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि जिला निर्वाचन के योजनाबद्ध प्रबंधन से मतदान केंद्र पहुंचने में उन्हें कोई भी बाधा नहीं आई। यातायात की उचित प्रबंधन हुआ निश्चित रूप चार्ट से सभी समय पर मतदान केंद्र पहुंच गए और वापसी के समय भी सुगमता के साथ वापस आए। आईटीआई कॉलेज पर्री वापसी के पश्चात मतदान सामग्री वापसी हेतु भी पहले से प्रबंध कर लिए गया था जिसे आसानी से मतदान सामग्री का संग्रह सुनिश्चित हुआ।

